सुप्रभात
रांची, गुरुवार
28.03.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र


सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, द्वितीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 253



12 अदिति राव हैदरी ने भी की गुपचुप शादी

इफ्तार : शाम 5.54(28 मार्च)
सेहरी : भोर 4.35 (29 मार्च)







इफ्तार : शाम 5.54(28 मार्च)
सेहरी : भोर 4.35 (29 मार्च)

## 48 घंटे में राज्य भर में 18 लोगों की गयी जान, दो सौ से अधिक जख्मी

# चैनपुर में कांग्रेस नेता समेत दो लोगों की निर्मम हत्या

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, मेदिनीनगर।** बुधवार को चैनपुर प्रखंड में कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू समेत दो लोगों की निर्मम हत्या कर दी गयी। इनमें एक सजायाफ्ता राजमोहन पोलू है। वह कुछ दिन पूर्व जेल से बाहर निकला था। वह बसपा नेता थे, पर कुछ समय पूर्व कांग्रेस में शामिल हो गये थे। दूसरे की शिनाख्त में पुलिस जुटी है। दोनों का शव बरामद कर लिया गया है। वहीं दूसरी ओर पिछले 48 घंटे के दौरान होलियाना माहौल में झारखंड के अलग-अलग जिलों विभिन्न हादसों में 18 लोगों की मौत हो गयी। इनमें तीन की हत्या कर दी गयी। जिन घरों के चिराग बुझ गये, उनके घरों में उमंग की बजाय मातम पसरा था। वहीं दूसरी ओर विभिन्न हादसों में दो से अधिक लोग जख्मी हो गये। घायलों का इलाज रिम्स और जिले के सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

### हाल में ही जेल से बाहर आया था पोलू

बुधवार दोपहर हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गयी। हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने चैनपुर थाना के शाहपुर गांव में एक घर में घुसकर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गये। मृतकों में एक राजमोहन पोलू नामक शख्स है, जिसका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। दूसरे की शिनाख्त नहीं हो पायी है। राजमोहन पोलू बसपा के बाद वह कांग्रेस में गये थे। हत्या के मामले में दोषी पाये जाने वाले पोलू को अदालत ने सजा सुनायी थी। कुछ दिन पूर्व वे जेल से बाहर निकले थे। पोलू की हत्या की जानकारी मिलने के बाद पुलिस वहां पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की। वारदात की सूचना पाकर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन मौके पर पहुंचीं। सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम तफ्तीश में जुटी है। फिलहाल हत्या की वजहों का पता नहीं चल पाया है।




### किन-किन जिले में हुए हादसे

पलामू के मोहम्मदगंज के कादल कुर्मी गांव में नदी में नहाने के क्रम में दो बच्चियों की डूबने से मौत हो गयी। लोहरदगा के सेन्हा क्षेत्र में 25 मार्च की शाम आंधी-बारिश में पेड़ से दबकर दो लोगों की मौत हो गयी। जमशेदपुर के गालूडीह क्षेत्र सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गयी। साहिबगंज के राजमहल थाना क्षेत्र में 25 मार्च को ही मंगलहाट मलाहीटोला निवासी पांडव मंडल नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। 25 मार्च की रात एनएच-75 पर दो बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गयी। रामगढ़ के गोला क्षेत्र मजदूरों आपसी लड़ाई में एक की मौत हो गयी। पलामू के चैनपुर मे 26 मार्च की देर रात एक भाई ने अपने चचरे भाई की गोली मार कर हत्या कर दी। गोड्डा के भगैया गांव में 26 को होली खेलने के बाद नहाने गये दो युवकों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी।

## राजद और कांग्रेस में सीट शेयरिंग पर नहीं बनी बात

# झारखंड की 4 सीटों पर सहमति, घोषणा शीघ्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

नयी दिल्ली, रांची। महागठबंधन के दलों में सीट शेयरिंग को लेकर दिल्ली में पहली बैठक खत्म हो गयी। सूत्रों के अनुसार झारखंड की चार सीटों रांची, खूंटी, हजारीबाग और लोहरदगा में प्रत्याशियों के नामों पर सहमति लगभग बन गयी है। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति शीघ्र इसकी घोषणा करेगी। वहीं बिहार में सीटों को लेकर खींचतान अभी भी जारी है। कांग्रेस बिहार में दस सीट मांग रही है, लेकिन आरजेडी सात-आठ देना चाह रही है। सूत्रों का कहना है कि पूर्णिया और कटिहार लोकसभा सीट पर ही मामला फंसा हुआ है। इस बीच चर्चा है कि पूर्णिया से राजद ने बीमा भारती को टिकट दे दिया है। हाल में कांग्रेस में आये बिहार के दबंग नेता पप्पू यादव को कांग्रेस वहां से उतारना चाहती है।



**सुबोध, कालीचरण, जेपी पटेल और सुखदेव के नाम पर चर्चा**
कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में झारखंड से लोकसभा की चार सीटों के प्रत्याशियों के नाम पर मुहर एक तरह से लग गयी है। केंद्र की ओर से कभी भी इसकी घोषा की जा सकती है। झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मंत्री आलमगीर आलम ने इस आशय की जानकारी दूरभाष पर दी। उन्होंने बताया कि रांची से सुबोधकांत सहाय, खूंटी से कालीचरण मुंडा, हजारीबाग से जेपी पटेल और लोहरदगा से सुखदेव भगत के ही नाम पर ही चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इन चारो नामों पर भी अंतिम मुहर लगने की संभावना है, और शीघ्र इसकी घोषणा की जा सकती है।

**झामुमो-कांग्रेस में खिचखिच :** प्रत्याशी को लेकर झामुमो और कांग्रेस में रार अभी जारी है। झामुमो ने सिंहभूम, जमशेदपुर और लोहरदगा विधानसभा सीटों पर दावा किया है। यहां से कई सालों से कांग्रेस चुनाव लड़ती आ रही है। दोनों दलों की जिला ईकाई के नेताओं में जंग छिड़ी हुई है। कांग्रेस भी ये सीटें छोड़ने के लिए तैयार नहीं है।

**पूर्णिया सीट पर राजद-कांग्रेस में ठनी :** दिल्ली बैठक में बिहार में सीटों को लेकर खींचतान अभी भी जारी है। कांग्रेस बिहार में दस सीट मांग रही है, पर आरजेडी सात-आठ देने के पक्ष में है। सूत्रों का कहना है कि पूर्णिया और कटिहार लोकसभा सीट पर ही मामला फंसा हुआ है। राजद इन दोनों पर अपना दावा कर रही है। राजद, पूर्णिया से बीमा भारती को टिकट के पक्ष में है। वहीं कांग्रेस यहां से जाप से कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव को अपना प्रत्याशी बनाना चाहती है। पूर्णिया सीट पर महागठबंधन आर पार की स्थिति बन गयी है। इस बीच बीमा भारती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बिहार में सियासी हलचलें बढ़ा दी है।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, दो महिला समेत छह नक्सली मारे गये

एजेंसी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में बुधवार सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में छह नक्सली मारे गये। मारे गये नक्सलियों में चार पुरूष तथा दो महिलाएं शामिल हैं। दक्षिण बस्तर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि पिछले दिनों बासागुड़ा क्षेत्र में तीन ग्रामीणों की हत्या किये जाने के बाद से पुलिस इन इलाकों में लगातार सर्चिंग कर रही थी। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया। बस्तर रेंज आइजी सुंदरराज पी ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। मारे गये नक्सलियों के शव और हथियार जवानों ने बरामद किये हैं। नक्सली हमले में मारे गए 6 नक्सलियों में से 4 की शिनाख्त कर ली गयी है। इनमें नक्सलियों के प्लाटून नम्बर 10 का डिप्टी कमांडर नागेश, उसकी पत्नी सोनी, अउट सदस्य गंगी और प्लाटून नंबर 10 का सदस्य आयतु शामिल है।

**घटनास्थल से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद**



### न्यूज डायरी

### हैदराबाद का 277 रन के साथ नया रिकॉर्ड

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आइपीएल के 8वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 277 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर नया रिकार्ड बना दिया। हैदराबाद ने बेंगलुरु का रिकॉर्ड तोड़ दिया। आरसीबी ने 23 अप्रैल 2013 को 263 रन का आइपीएल में रिकार्ड बनाया था।

### दुमका में बंगाल बार्डर पर 16.54 लाख जब्त

**दुमका।** दुमका पुलिस ने लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड-बंगाल सीमा पर बने चेक पोस्ट से बुधवार को 16.54 लाख रुपये जब्त किये हैं। चुनाव आयोग का साफ कहना है कि चुनावों के दौरान धन का प्रलोभन देकर मतदाताओं को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश को हर हाल में नाकाम किया जायेगा। इसी को लेकर हर चेक पोस्ट पर सघन जांच की जा रही है। दुमका-रामपुरहाट मुख्य सड़क पर पश्चिम बंगाल की सीमा पर लोरीपहाड़ी के पास बने चेकपोस्ट पर दो अलग-अलग व्यक्तियों से 16 लाख 54 हजार 650 रुपए जब्त किये गये हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 62500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




### झारखंड में एक अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट सहित झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में एक अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई शुरू हो जाएगी। बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट ने पत्र जारी कर मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है। मॉर्निंग कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर के 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था 29 जून तक चलेगी।

### गिरिडीह सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**गिरिडीह।** हीरोडीह थाना इलाके के समुआडीह गांव के पास एक तेज रफ्तार से जा रही बाइक अनियंत्रित हो कर सड़क के किनारे स्थित बांस की झाड़ में जा घुसी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त हीरोडीह थाना के किसगो निवासी बिहारी मल्होत्रा (40) और रंजीत मल्होत्रा (30) के रूप में की गयी।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ अब 3 को सुनवाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को हाईकोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली। बुधवार को अदालत ने उनकी अंतरिम रिहाई की मांग पर फौरी आदेश से मना कर दिया। कोर्ट ने उनकी अंतरिम रिहाई की मांग को खारिज कर दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 3 अप्रैल को होगी। हालांकि इस दौरान कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ ईडी से जवाब तलब किया है। ईडी को 2 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का समय दिया है। कोर्ट में केजरीवाल के वकीलों ने मामले की तत्काल सुनवाई की अपील की थी, जिसका ईडी ने विरोध किया। सुनवाई के बाद अदालत ने कहा- बिना विस्तार से सुनवाई के वह कोई आदेश नहीं दे सकता। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय का जवाब देखना भी जरूरी है।

**12 को इडी ने किया है गिरफ्तार**

इडी दिल्ली आबकारी नीति मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल को लगातार समन भेज रही थी, पर वह एक बार भी पूछताछ में शामिल नहीं हुए। ईडी ने इसके खिलाफ कोर्ट में मामला भी दर्ज किया। बाद में 21 मार्च को ईडी ने केजरीवाल से करीब दो घंटे की पूछताछ की। उसी दिन केजरीवाल को उनके आधिकारिक आवास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल को कोर्ट में पेश किया गया। जहां दिल्ली शराब घोटाले मामले में उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट ने 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

# इडी द्वारा जब्त संपत्तियों को गरीबों में बांटेगी सरकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने बुधवार को कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि पश्चिम बंगाल में गरीबों से लूटा गया और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा कुर्क किया गया धन जनता को वापस मिले। पीएम मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा के खिलाफ पार्टी की उम्मीदवार और पूर्ववर्ती राजघराने की सदस्य अमृता रॉय के साथ टेलीफोन पर बातचीत में यह बात कही।




### ले रहे हैं कानूनी सलाह

पीएम मोदी ने राजमाता के साथ बातचीत में कहा, सरकार इस मुद्दे पर कानूनी सलाह ले रही है। इडी ने पश्चिम बंगाल में 3000 करोड़ रुपये अटैच किया है। ये गरीबों का पैसा है। किसी ने टीचर बनने के लिए पैसा दिया, किसी ने क्लर्क बनने के लिए पैसा दिया। मैं कानूनी सलाह ले रहा हूं। मेरी इच्छा है, नयी सरकार बनते ही कानूनी प्रावधान करना पड़ेगा। नियम बनाने पड़ेंगे, गरीब लोगों का जो 3000 करोड़ रुपये पैसा है, जिसने पैसा रिश्वत में दिया है, उसका पैसा वापस करना चाहता हूं। उन्होंने कहा है कि बंगाल के लोग विश्वास करें, जो इडी ने 3000 करोड़ रुपये अटैच किये हैं, वो उन्हें वापस देने के लिए कोई न कोई रास्ता निकालूंगा।

**कौन हैं राजमाता अमृता रॉय :** रॉय 18वीं सदी के स्थानीय राजा कृष्णचंद्र रॉय के परिवार से हैं। मोदी ने उन लोगों पर पलटवार भी किया, जिन्होंने भाजपा द्वारा उन्हें (रॉय को) उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद कथित तौर पर अंग्रेजों का समर्थन करने के लिए इस राजघराने पर निशाना साधा। रॉय ने मोदी से कहा कि उनके परिवार को देशद्रोही कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृष्णचंद्र रॉय लोगों के लिए काम करते थे और उन्होंने 'सनातन धर्म' को बचाने के लिए अन्य राजाओं से हाथ मिलाया था। मोदी ने रॉय से कहा कि वह ऐसे आरोपों से कतई परेशान ना हों। वे (तृणमूल) वोट बैंक की राजनीति करते हैं और सभी प्रकार के अनर्गल आरोप लगायेंगे। प्रधानमंत्री ने उनसे कहा कि विरोधी दल वाले अपने पापों को छिपाने के लिए ऐसा करते हैं। पीएम ने विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल में जनता परिवर्तन के लिए मतदान करेगी।

**एके को ले कांग्रेस पर निशाना :** मोदी ने भ्रष्टाचार के एक मामले में इडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें समर्थन देने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि जिन लोगों ने आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ शिकायत की थी, उन्होंने अब अपना रुख बदल लिया है। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, यह दिखाता है कि उनकी प्राथमिकता देश नहीं बल्कि सत्ता है। पीएम ने जोर देकर कहा कि भाजपा नीत गठबंधन युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए, भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए लड़ रहा है जबकि सभी भ्रष्ट एक दूसरे को बचाने के लिए एक साथ आ गये हैं।



### छुट्टियों के लिए चुनाव आयोग की लेनी होगी सहमति

# पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की छुट्टियां स्वीकृत करेंगे सीइओ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की छुट्टी पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी फैसला लेंगे। चुनाव समाप्ति तक आकस्मिक अवकाश और मुख्यालय छोड़ने की स्वीकृति निर्वाचन पदाधिकारी देंगे। डीजीपी के आदेश पर आइजी अभियान सह-स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। झारखंड के विभिन्न जिलों के एसएसपी, एसपी, पुलिस के अन्य विंग के एसपी और समादेष्टा को पत्र भेज कर अवगत करा दिया है। भेजे गये पत्र के अनुसार 16 मार्च को लोकसभा आम चुनाव की घोषणा कर दी गई। चुनाव की घोषणा के साथ पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। लोकसभा आम चुनाव 2024 की समाप्ति तक विधि-व्यवस्था के सधारण के लिए प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मी इस अवधि में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव से आकस्मिक अवकाश, मुख्यालय छोड़ने की स्वीकृति के उपरांत ही अवकाश में प्रस्थान करेंगे या मुख्यालय छोड़ेंगे। साथ ही अपने अधीनस्थ निर्वाचन सम्बद्ध सभी पुलिस पदाधिकारियों के अवकाश की सूचना मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। सभी जिलों के कप्तान को निर्देश दिया गया है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव मंत्रिमंडल द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

### निर्वाचन सदन धुर्वा में मार्जिनल ग्रुप्स के लिए सुगम मतदान विषयक प्रशिक्षण सत्र आयोजित

# मतदान प्रक्रिया में मार्जिनल ग्रुप्स के निर्वाचकों की भागीदारी सुनिश्चित करायें : के रवि कुमार

**बिना किसी भेदभाव के निर्वाचन प्रक्रिया में समान भागीदारी सबों का अधिकार**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सभी दिव्यांग शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण, 85 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के मतदाता, गर्भवती महिलाओं एवं छोटे शिशुओं की माताओं को भी अन्य नागरिकों की तरह समान वैधानिक अधिकार प्राप्त है। चुनाव की प्रक्रिया इन्हें लोकतंत्र में समान रूप से अपनी भागीदारी निभाने का अवसर प्रदान करती है। इसलिए इनके लिए अनिवार्य रूप से हरेक मतदान केन्द्र पर सुलभ मतदान की व्यवस्था रखी जाये। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में कही। वे यहां राज्य के सभी जिलों से आए सभी समाज कल्याण पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा के लिए मार्जिनल ग्रुप्स (अपवर्जित समूहों) के लिए सुगम मतदान विषयक प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में ऐसे नागरिकों को समान भागीदारी के लिए भारत के संविधान का अनुच्छेद 326, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016, निर्वाचन संचालन नियमावली के नियम 49 एन के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावे मतदान प्रक्रिया में इनकी सुविधा के लिए डिजिटल तकनीकों के प्रयोग पर भी बल दिया गया है।

सीईओ ने कहा कि राज्य के सभी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इसके लिए नोडल ऑफिसर बनाए गए हैं। उन्हें अपने स्तर से हरेक विधानसभाई निर्वाचन क्षेत्र के लिए सेक्टर ऑफिसर नामित कर गैर-राजनैतिक एवं निरपेक्ष स्वयंसेवी संगठनों, रेजिडेंट वेलफेयर संगठनों आदि की मदद से अपवर्जित समूह के योग्य नागरिकों के डोर टू डोर सर्वे, छूटे हुए अर्हता प्राप्त नागरिकों के नाम निर्वाचक सूची में दर्ज कराने तथा मतदान में इनकी सुगमता के लिए समयबद्ध रूप से काम करना है। अपवर्जित समूहों के ऐसे मतदाता जो मतदान केन्द्र तक स्वयं आने-जाने में अक्षम हों उन्हें मतदान केन्द्र पर आने-जाने की स्थानीय व्यवस्था के साथ-साथ मतदान केन्द्र में शेड, कुर्सी-बेंच, व्हील चेयर, स्वयंसेवकों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाना है साथ ही यदि अपवर्जित समूह के कोई मतदाता जो चुनाव सिंबल खुद नहीं पहचान पायें, वहां मतदान केन्द्र के पीठासीन पदाधिकारी उन्हें सहायक के रूप में 18 वर्ष से कम आयु के किसी किशोर को वोटिंग हेतु साथ लिए जाने की अनुमति दे सकेंगे।

प्रशिक्षण सत्र में निःशक्तता आयुक्त अभय नंदन अम्बष्ठ ने निःशक्तता आयोग द्वारा मतदाता के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा द्वारा मतदाता सूची एवं मतदान के बारे में बताया गया। उन्होंने बूथ अवेयरनेस ग्रुप, स्वीप कार्यक्रम, अच्छे कार्यों के लिए बीएलओ को सम्मानित करने आदि विषयों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। निदेशक समाज कल्याण विभाग शशि प्रकाश झा द्वारा मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा में पेयजल, बिजली, हेल्प डेस्क, पोस्टर साईनेज, रैंप, दिव्यांगजनों के लिए वॉलेंटियर की उपलब्धता के साथ-साथ मतदान केंद्रों पर बीएलओ की सहायता के लिए चयनित स्वंय सेवकों के प्रशिक्षण की जानकारी साझा की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे द्वारा मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं दिव्यांग/वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए यातायात की सुविधा, वोलेंटियर्स एवं मेडिकल किट आदि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार द्वारा सोशल मीडिया, सक्षम ऐप, निःशक्तता के लिए सोशल मीडिया के बारे में बिंदुबार जानकारी साझा की गयी। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा बूथों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने संबंधित कराये गए राज्य स्तरीय सोशल ऑडिट सर्वे के समन्वयक हलदार महतो ने इस सर्वे में प्राप्त महत्वपूर्ण विषयों पर बिंदुबार चर्चा की। साथ ही निःशक्तता के क्षेत्र में कार्य कर रहे स्वयं सेवी ग्रुप साईट सेवर्स की सपना सुरीन द्वारा मतदान के दौरान दिव्यांग मतदाताओं को आनेवाली संभावित कठिनाईयों एवं स्थानीय तौर पर उनके त्वरित निराकरण के संबंध में चर्चा की।

# एक अप्रैल से मॉर्निंग चलेगा सिविल कोर्ट




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एक अप्रैल सोमवार से राज्यभर के जिला अदालतों में सुनवाई का समय बदल जाएगा। फिलहाल झारखंड की निचली अदालतों में डे कोर्ट में सुनवाई हो रही है, लेकिन यह व्यवस्था सोमवार से बदल जाएगी। रांची सिविल कोर्ट समेत झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में 1 अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई शुरू हो जाएगी। झारखंड हाईकोर्ट ने पत्र जारी कर मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है। मॉर्निंग कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर के 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था 29 जून तक चलेगी।

**ग्यारहवीं जेपीएससी की पीटी परीक्षा में गड़बड़ी करने का आरोप**

# एक अप्रैल को जेपीएससी का होगा महाघेराव, जुटेंगे एक लाख अभ्यर्थी



**रांची।** जेपीएससी गड़बड़ी और राजनीतिक मुद्दे पर सूर्य सिंह बेसरा और छात्र नेता एव झारखंड यूथ एसोसिएशन के संयोजक इमाम सफी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेस कर कहा कि 11वीं जेपीएससी में हड़बड़ी में गड़बड़ी की गई है। विरोध के बावजूद परीक्षा रद्द करने की बजाये जल्दबाजी में गलत आंसर-की जारी किया गया। जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक के बाद जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी से झारखंड के छात्र आर-पार की लड़ाई के मुड में हैं। यही कारण है कि अभ्यर्थियों ने एक अप्रैल को जेपीएससी के महाघेराव का निर्णय लिया है। इसमें एक लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। सूर्य सिंह बेसरा ने 11वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा की गड़बड़ी व मनमानी को गंभीर मामला माना और एक अप्रैल को छात्र महाआंदोलन का समर्थन किया है। छात्रों के इस आंदोलन का पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने भी समर्थन किया है। मौके पर मेदवेन्द्र मेहता, प्रदीप कुमार व अन्य उपस्थित थे।

# डीआइजी ने अंतर्राज्यीय बॉर्डर का किया औचक निरीक्षण

**लोकसभा चुनाव**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीआईजी अनूप बिरथरे ने अंतरराज्यीय बॉर्डर मुरी-पुरुलिया, श्याम नगर, सोनाहातु बॉर्डर का औचक निरीक्षण किया। सीमावर्ती पोस्ट पर तैनात पदाधिकारी एवं बल को 24 घंटे सीमा से आने जाने वाली हर वाहन को जांच किया गया। वहीं डीआइजी ने मादक पदार्थ, शराब, कैश, एवं अन्य चुनाव को प्रभावित करने वाले वस्तु पर विशेष नजर रखते हुए चुनाव से संबंधित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली रणवीर सिंह एवं थाना प्रभारी मुरी ओपी, सिल्ली थाना, सोनाहातू थाना उपस्थित थे।

# क्या ढुल्लू के केसों का विवरण अखबारों में छपवायेगी भाजपा

**जागो मतदाता जागो! भाजपा के एक कार्यकर्ता ने जारी किया पोस्ट**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**चुनाव आयोग का यह है निर्देश : आयोग ने सभी दलों को सख्त आदेश दिया है, कि किसी भी प्रत्याशी के विरुद्ध अपराधिक सभी केसों का विवरण अखबार में कम से कम 3 बार सूचना देकर उनके सभी अपराध के मुकदमें प्रकाशित करें। साथ ही उसे टिकट देने वाली पार्टी लिखें कि ऐसे व्यक्ति को प्रत्याशी बनाने को बाध्य क्यों हुई?**

**रांची।** धनबाद लोकसभा से ढुल्लू महतो को टिकट दिये जाने के बाद धनबाद की राजनीति में उफान आ गया है। धनबाद की शहरी जनता (बिहारी) ढुल्लू को स्वीकारने से परहेज कर रही है। तभी तो धनबाद से भाजपा के एक कार्यकर्ता ने लिखा है- चुनाव आयोग ने सख्त आदेश सभी दलों को दिया है, कि किसी भी प्रत्याशी के विरुद्ध अपराधिक सभी केसों का विवरण अखबार में कम से कम 3 बार सूचना देकर उनके सभी अपराध के मुकदमें प्रकाशित करें। साथ ही उसे टिकट देने वाली पार्टी लिखें कि ऐसे व्यक्ति को प्रत्याशी बनाने को बाध्य क्यों हुई? ताकि जनता सब कुछ जान सके और खुद समझ से निर्णय लेकर मतदान कर सके। उन्होंने लिखा है कि छुपाया गया 1 भी केस अपराध नहीं हो। अगर गड़बड़ पाया गया तो बाद में चुनाव तो रद्द होगा ही साथ ही लोक सभा की सदस्यता भी जाएगी। क्या धनबाद के भाजपा प्रत्याशी के भी सारे अपराध केस का ब्योरा धनबाद-बोकारो के अखबारों में भाजपा पार्टी छापेगी? साथ ही जिन केसों से वे बरी हुए हैं क्या उसका भी जिक्र होगा? ताकि धनबाद की जागरुक सचेत जनता दूध का दूध और पानी का पानी कर सके।

यह समाचार किसी मौखिक आरोप या अफवाहों पर नहीं, बल्कि सरकारी आदेशानुसार जो ब्योरा प्रचारित होगा। भाजपा अगर सचमुच सही है तो क्या इस आदेश का पालन करेगी? क्या हम उम्मीद करें, कि सबसे ईमानदार पार्टी का प्रचार करने वाली भाजपा धनबाद की जनता को सच्चाई से अवगत कराएगी, या जनता को बेशर्म बंधुआ मजदूर मानकर कुछ नहीं बताएगी?

# दिव्यांग वोटरों के सुगम मतदान की व्यवस्था दुरूस्त रखें : सीइओ



खबर मन्त्र ब्यरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा कि बीएलओ के रजिस्टर के मुताबिक स्वयं मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सेवाओं की उपलब्धता की सतत मॉनीटरिंग करें। यह बातें उन्होंने बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में कही। वह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान एवं दिव्यांग अथवा 85 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं के सुगम मतदान की व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांग अथवा 85 वर्ष और उससे अधिक आयु के वैसे मतदाता जो मतदान केन्द्रों तक आने-जाने में असमर्थ हों, उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समय रहते मतदान केन्द्रवार सर्वे करा लें, ताकि उन्हें कोई अनावश्यक परेशानी नहीं हो। इसी प्रकार पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने वालों के लिए सारी तैयारी समय पूर्व कर लें। उन्होंने कहा कि कोई मतदाता नहीं छूटे, इसे अपना मूलमंत्र मानते हुए निर्वाचन प्रबंधन में कोई कसर नहीं छोड़ें। उन्होंने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान से संबंधित भारत निर्वाचन आयोगग के दिशानिदेर्शों का हवाला देते हुए कहा कि पोस्टल बैलेट के प्रबंधन हेतु हरेक जिले में अलग से सहायक निवार्ची पदाधिकारी होने हैं जिनकी जिम्मेवारियाँ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट की गई है।

# एक अप्रैल से बढ़ेगा झारखंड में टोल टैक्स, प्रस्ताव तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में एक अप्रैल से टोल टैक्स की दरों में बढ़ोतरी होगी। केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्रालय ने टोल की दरों में अधिकतम 2.6 प्रतिशत की वृद्धि करने का फैसला लिया है। इसी के आलोक में राज्यों के राजमार्गों में लगनेवाले टोल टैक्स में भी बढ़ोतरी की जायेगी। करीब 5 से 20 रुपये तक टोल की वृद्धि होगी। एनएचएआइ की ओर से टोल वृद्धि का प्रस्ताव तैयार हो रहा है। इस प्रस्ताव को इस माह के अंत तक फाइनल कर लिया जायेगा। टोल वृद्धि राज्य के सभी 16 टोल प्लाजा में लागू होगी। यानी 1 अप्रैल से झारखंड के राजमार्ग एनएच 33 रांची-पटना-जमशेदपुर रोड, जीटी रोड सहित अन्य महत्वपूर्ण सड़कों पर वाहनों को चलाने के लिए अब अधिक टोल का भुगतान करना पड़ेगा। वाहन चलाकों को अतिरिक्त राशि का बोझ भी पड़ेगा. टोल की बढ़ोतरी कार, जीप, वैन समेत अन्य छोटे वाहन के लए भी होगी. इसके अलावा हल्के व्यावसायिक वाहनों, मिनी बसों, बस, ट्रक, छह चक्कावाले वाहनों का भी टोल 2.6 फीसदी तक बढ़ सकता है।

# मौसम में उतार-चढ़ाव रहेगा जारी, 30 और 31 मार्च को झारखंड में बारिश की संभावना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव जारी रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से इस संबध में जानकारी दी गयी है। केंद्र की मानें तो 28 और 29 मार्च को राज्य का मौसम साफ रहेगा। इस दौरान तापमान में पांच डिग्री तक की वृद्धि होगी। जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा, जबकि 30 और 31 मार्च को राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश होगी। इनमें दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य हिस्से शामिल हैं।

**मौसम रहेगा शुष्क :** राजधानी रांची की बात करें तो 29 मार्च तक राजधानी का मौसम साफ और शुष्क रहेगा। 30 मार्च को राजधानी में आंशिक बादल छाये रहेंगे। इसके साथ ही दोपहर बाद ओलावृष्टि और वज्रपात की भी संभावना है। 31 मार्च और 1 अप्रैल को राजधानी का मौसम साफ रहेगा। तापमान की बात करें तो 1 अप्रैल तक न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और औसतन अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो इन हिस्सों को छोड़कर राज्य के अन्य जिलों में इस दौरान आंशिक बादल छाये रहेंगे। ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं, 30 और 31 मार्च को रांची, रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, हजारीबाग, सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम समेत अन्य हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान बारिश के साथ ही कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है।

# आजसू संसदीय बोर्ड की बैठक 29 को

**रांची।** आजसू पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक 29 मार्च को सुबह 10 बजे से होगी। यह बैठक आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय हरमू में होगी। संसदीय बोर्ड में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के अलावा चन्द्रप्रकाश चौधरी, रामचन्द्र सहिस, डोमन सिंह मुंडा, संजय बसु मल्लिक, मुकुंद चंद्र मेहता, लंबोदर महतो, डॉ देवशरण भगत, उमाकांत रजक, शिवपूजन मेहता, अकिल अख्तर, हसन अंसारी, स्वपन सिंह देव, राधेश्याम गोस्वामी, राजेन्द्र मेहता हैं। इस बैठक में लोकसभा चुनाव गिरिडीह में प्रत्याशी की घोषणा निर्णय लिया जायेगा।

### आठ साल तक दुमका में रहा गुरूजी का दबदबा, इस बार देवर-भाभी में हो सकती है भिड़ंत

# जेल से ही हेमंत ठोकेंगे ताल, सीता के लिए जीत आसान नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्रों में सबसे चर्चित लोकसभा दुमका लोस सीट है। एक ओर जहां आठ बार झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का आठ बार दबदबा रहा, वहीं इस बार बीजेपी ने झामुमो से बगावत कर बीजेपी में शामिल सीता सोरेन को दुमका सीट का उम्मीदवार बनाया है। वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से यदि हेमंत सोरेन को जेल से चुनाव मैदान में उतारा गया तो सीता सोरेन के लिये राह आसान नहीं होगी। गौरतलब हो कि वर्ष 1980 में पहली बार जीतने के बाद शिबू सोरेन वर्ष 1989, 1991, 1996, 2002, 2004, 2009 और 2014 के आम चुनावों में यहां अपना परचम लहराते रहे। दुमका सीट पर उनकी सिर्फ.चार बार हार हुई। पहली बार 1984 में कांग्रेस के पृथ्वी चंद किस्कू ने उन्हें शिकस्त दी थी। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 के चुनावों में उन्हें बीजेपी प्रत्याशी के रूप में बाबूलाल मरांडी ने हराया था। फिर 2019 के चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार सुनील सोरेन ने शिबू सोरेन को शिकस्त दी। सीता का दमखम बढ़ाने व जीत के लिये बाबूलाल मरांडी का दावं कितना सफल होगा। यह वोटर्स पर निर्भर करता है।





**परिवार में ही बन गया राजनीतिक लड़ाई का अड्डा**

इस राजनीतिक लड़ाई की शुरूआत सोरेन परिवार की बड़ी बहू और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने की है। बीजेपी में शामिल होने के बाद सीता सोरेन का कद तो बढ़ा है, उन्हें केंद्र सरकार ने जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। दुमका लोकसभा क्षेत्र के सिटिंग सांसद सुनील सोरेन का टिकट काट कर सीता सोरेन को बीजेपी उम्मीदवार बनाने के बाद सुनील सोरेन के समर्थकों में निराशा है। अब जेएमएम के कई नेता यह बोल रहे हैं कि जेल से पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन दुमका लोकसभा से चुनाव लड़ेंगे, यदि ऐसा होता है तो यह मुकाबला आमने-सामने का हो जायेगा।

**जेल से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं हेमंत**

80 वर्षीय जेएमएम के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के बारे में कहा जा रहा है कि वह इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगे। शिबू सोरेन फिलहाल राज्यसभा सदस्य हैं। शिबू सोरेन की जगह पार्टी सोरेन परिवार के किसी अन्य सदस्य को दुमका लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाना चाहती है। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए जेएमएम हेमंत सोरेन को उपयुक्त उम्मीदवार के रूप में देख रही है। चर्चा है कि इस लोकसभा सीट से हेमंत सोरेन जेल से ही चुनाव लड़ेंगे।

**दुमका लोस सीट पर सीता कितनी मजबूत**

दुमका लोकसभा सीट की भौगोलिक स्थिति को देखें, तो इस लोकसभा क्षेत्र में चार जिलों की छह विधानसभा आती हैं। इनमें दुमका, शिकारीपाड़ा, जामताड़ा, नाला, जामा और सारठ विधानसभा शामिल हैं। विधानसभावार देख जाये तो इस लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन काफी मजबूत है। क्योंकि शिकारीपाड़ा, दुमका और नाला सीट पर जेएमएम के विधायक हैं, तो वहीं जामताड़ा सीट पर कांग्रेस के विधायक ने 2019 चुनाव जीता है। सिर्फ दो सीट सारठ और जामा बीजेपी के पास हैं। हालांकि जामा विधानसभा से सीता सोरेन खुद जेएमएम से जीत कर आयी थीं, वहीं बीजेपी में शामिल होने के बाद उन्होंने अपनी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। लेकिन अभी तक विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। ऐसे में सिर्फ सोरेन परिवार की बहु होना चुनावी मैदान में काफी होगा यह समझ से परे है।

# नौकरी से निकाले गये कर्मी को 19 वर्ष का वेतन देने का आदेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को उद्योग विभाग के द्वारा बर्खास्त किये गये कर्मचारी को 19 साल का लंबित वेतन देने का निर्देश दिया है। दरअसल भावेश कुमार झा को उद्योग विभाग के अधीनस्थ हथकरघा, रेशम और रेशम उत्पादन विभाग में 1984 में पायलट प्रोजेक्ट सेंटर में क्लर्क-कम-कैशियर के पद पर नियुक्त किया गया था। नौकरी पर रहने को कई वर्षों बाद याचिकाकर्ता (भावेश कुमार झा) को कारण बताओ नोटिस जारी कर उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गयी।

वर्ष 2007 में उसकी सेवा खत्म कर दी गयी। सेवा खत्म किये जाने के खिलाफ भावेश ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को नौकरी से निकाले जाने का फैसला सही नहीं है।

हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच ने इस मामले में दिये गये अपने आदेश में कहा है कि इसमें कोई संदेह नहीं कि याचिकाकर्ता ने 1998 से 2017 तक काम नहीं किया, लेकिन जिस मामले में यह पाया जाता है कि कर्मचारी की कोई गलती नहीं है, फिर भी उसे नौकरी से निकाल दिया गया तो वह वेतन पाने का हकदार है।

# टाटा मोटर्स ने एक साल में किया 6652 यूनिट रक्तदान

- जमशेदपुर ब्लड बैंक ने किया इस कार्य के लिए सम्मानित
- टी सिंह, अनुपम घोष और जेएस ढुले प्लेटिनम ब्लड डोनर्स ग्रुप में शामिल

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स ने इस बार भी झारखंड में सबसे ज्यादा रक्तदान करने का सालाना कीर्तिमान बनाया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में टाटा मोटर्स जमशेदपुर परिवार ने कुल 6652 यूनिट रक्तदान किया है जिसके लिए आज जमशेदपुर ब्लड बैंक की ओर से कंपनी परिवार को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान आज टाटा मोटर्स क्लब में आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह में कंपनी परिवार की ओर से जमशेदपुर ब्लड बैंक की सचिव श्रीमती नलिनी राममूर्ति से टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी ने ग्रहण किया। इस अवसर पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन को 3 मार्च को एक दिन में सर्वाधिक रक्तदान करने के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महासचिव आरके सिंह ने अपने सदस्यों की ओर से यह सम्मान मुख्य अतिथि एवं प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी एवं जमशेदपुर ब्लड बैंक की सचिव नलिनी राममूर्ति एवं वरिष्ठ अधिकारी संजय चौधरी से ग्रहण किया।

टाटा मोटर्स वार्षिक रक्तदाता अभिनंदन समारोह में कार्यक्रम समन्वयक अमितेश पांडेय ने बताया कि 6652 यूनिट रक्तदान के लिए कंपनी में कुल 42 रक्तदान शिविर आयोजित किये गये। 3 प्लेटिनम डोनर के अलावा 22 कर्मचारियों ने इस वर्ष 50वीं बार रक्तदान करने की उपलब्धि हासिल की। टाटा मोटर्स के जमशेदपुर प्लांट में एक दिन में सबसे ज्यादा ड्राइव लाइंस डिवीजन ने 321 यूनिट रक्त संगह किया।





टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन को एक दिन में सर्वाधिक रक्त देने के लिए प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी और ब्लड बैंक की सचिव नलिनी राममूर्ति से विशेष अवार्ड ग्रहण करते अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महासचिव आरके सिंह एंड टीम और साल में 6652 यूनिट रक्त देने पर कंपनी परिवार के लिए ब्लड बैंक से सम्मान हासिल करते प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी व यूनियन टीम।

## देश भर में बेंचमार्क है जमशेदपुर प्लांट : रवींद्र कुलकर्णी



रक्तदाताओं को सम्मानित करने के बाद टाटा मोटर्स के जमशेदपुर प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि जमशेदपुर में रक्तदान आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने का श्रेय जमशेदपुर प्लांट को जाता है। यहां रक्तदान करने को लेकर टाटा मोटर्स कर्मियों व अधिकारियों में जो जज्बा है वह काबिल-ए-तारीफ है। हम टाटा मोटर्स के अन्य प्लांटों के लिए नजीर हैं। प्लांट हेड ने रक्तदान का कीर्तिमान बनाने के लिए अपने तमाम सहकर्मियों एवं कर्मचारी भाइयों के साथ-साथ टाटा मोटर्स यूनियन को बधाई दी। हम जिस जज्बे के साथ रक्तदान करते हैं उसी जज्बे के साथ हमें काम के दौरान सुरक्षा को लेकर भी जज्बा दिखाना चाहिए।

### 50 बार रक्तदान करने वाले टाटामोटर्स कर्मी

1. गिरीशचंद्र सिंह
2. संदीप गुरु
3. भूषण जी
4. एसएन सिंह
5. मनोज तिवारी
6. परेश पी
7. पार्थो घोष
8. संजय कुमार पी
9. प्रशांत कुमार सिंह
10. रणविजय कुमार
11. दिनेश कुमार दुबे
12. देवाशीष चटर्जी
13. कमल कुमार घोष
14. जयंत कुमार सिंह
15. अमर कुमार महंती
16. श्याम
17. जिम्मी जॉनी
18. श्यामल सामंत
19. राजेंद्र सिंह संघु
20. श्रीराम सिंह
21. प्रवीण कुमार

## स्पीड न्यूज

### अंकुश ने होली छोड़ किया एसडीपी दान

**जमशेदपुर।** मानवता की सेवा रेड क्रॉस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसी क्रम में होली के दिन एक जरूरतमंद की जान बचाने के उद्देश्य से आये ब्लड कंपोनेंट प्लेटलेट्स की जरूरत होने पर रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने टाटा स्टील कर्मी श्री अंकुश कुमार को प्लेटलेट्स डोनेशन के लिए प्रेरित किया, जिन्होने जमशेदपुर ब्लड सेन्टर आकर अपना 13वां एसडीपी डोनेशन किया, अंकुश कुमार ने पहले प्लाज्मा एवं नियमित रक्तदान किया है, जिससे उन्होंने अब तक अपना 30 रक्तदान पूरा कर लिया है। होली के दिन पीड़ित मानवता की सेवा के लिए आगे आने के लिए प्रभुनाथ सिंह ने अंकुश कुमार का ब्लड सेन्टर में एसडीपी डोनेशन के समय उपस्थित रहकर उत्साह वर्धन किया। रेड क्रॉस सोसाईटी, पीड़ित मानवता की सेवा में लगे ऐसे योद्धाओं का आभार व्यक्त करता है।

### आजसू के संसदीय बोर्ड का गठन

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार संसदीय बोर्ड का गठन कर दिया गया है। इस संसदीय बोर्ड में जमशेदपुर से पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस के अलावा पूर्व जिला अध्यक्ष स्वप्न सिंह देव भी शामिल हैं। संसदीय बोर्ड इस प्रकार है : सुदेश कुमार महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी, रामचंद्र सहिस, डोमन सिंह मुंडा, संजय बसु मलिक, मुकुंद चंद्र मेहता, लंबोदर महतो, डॉ देवशरण भगत, उमाकांत रजक, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, अकिल अख्तर, हसन अंसारी, सपन सिंहदेव, राधेश्याम गोस्वामी और राजेंद्र मेहता।

### जमशेदपुर एफसी बनाम केरला ब्लास्टर्स एफसी का मैच 30 को

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी के बीच होने वाले आगामी मुकाबले के लिए बॉक्स ऑफिस के दरवाजे खुल गए हैं। 30 मार्च, शनिवार को होने वाले इस मैच के लिए प्रशंसक जेआरडी टाटा स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स में फुटबॉल घमासान को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक, प्रशंसक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से या कोविड वॉरियर पार्क के सामने स्थित जेआरडी टाटा स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स के बॉक्स ऑफिस पर जाकर अपनी टिकट बुक कर सकते हैं। टिकट की कीमत मात्र 50 रुपये से शुरू होती है। ऐसे में फैंस के पास खालिद जमील की अगुआई में फिर से जमशेदपुर एफसी टीम की शानदार प्रदर्शन को देखने का मौका है।

### अजय अध्यक्ष व सन्नू सिद्दीकी संरक्षक बने

**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड की बैठक सह होली मिलन समारोह बाईपास रोड स्थित शांतिकुलम आवासीय विद्यालय में हुई । जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सन्नू सिद्दीकी एवं संचालन संगठन के कोषाध्यक्ष आनंद कुमार ने की। बैठक में हुसैनाबाद छतरपुर पाटन चैनपुर के साथ निगम क्षेत्र के कई सदस्य और पदाधिकारी शामिल हुए जहां संगठन से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए होली के अवसर पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। बैठक में सर्वप्रथम आमंत्रित अतिथि सेवानिवृत प्रो वीरेंद्र सिन्हा के साथ सभी पदाधिकारी को शांतिकुलम आवासीय विद्यालय के निदेशक सतीश अग्रवाल के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। बैठक में सर्वप्रथम सचिव दिव्येंदु गुप्ता ने गत 2 वर्षों के कार्यक्रमों का प्रतिवेदन देते हुए सभी को अवगत कराया तथा स्टेट कोऑर्डिनेटर चंद्रभूषण सिन्हा ने कोरोना काल के साथ अब तक किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में अध्यक्ष सन्नू सिद्दीकी ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल पर कहा कि मैं अपने व्यक्तिगत व्यवस्तताओं के कारण एसोसिएशन को पूरा समय नहीं दे पाया अध्यक्ष के दायित्व को वरीय उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव को सौंपा।

# लौहनगरी ने पूरे उत्साह से मनाया फगुआ लोगों ने जमकर खेली होली, उड़े गुलाल

- फागण आयो रे सांवरिया मारा खेलो होली... जैसे फाग गीतों पर झूमा मारवाड़ी समाज
- कदमा के लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी मंदिर धर्मशाला मे होली मिलन समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस बार समाज के साथ जम कर होली खेली। वे कदमा मारवाड़ी मंदिर के अलावा जुगसलाई में आयोजित भव्य फूलों की होली सह लठमार होली में पत्नी संग शामिल हुए।

कदमा के उलियान स्थित श्री श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी मंदिर धर्मशाला मे सोमवार की शाम को आयोजित हुए रंगारंग भव्य होली मिलन समारोह में उत्साह के साथ मारवाड़ी समाज के लोगें ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही फूलों से होली खेली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक एवं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पत्नी सुधा गुप्ता के साथ शामिल हुए और दीप प्रज्जवलित कर समारोह का उद्घाटन किया। मंदिर कमेटी के महामंत्री अशोक मोदी ने समारोह का सफल संचालन करते हुए अपने स्वागत भाषण मे मुख्य अतिथि बन्ना गुप्ता सहित समारोह मे उपस्थित सभी समाज बन्धु गण का अभिनंदन किया। उन्होंने सभी को होली की बधाई दी। श्री श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी मंदिर कमिटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज के बच्चों के द्वारा विभिन्न रूप में फेन्सी ड्रेस तथा महिलाओं द्वारा एकल एवं सामुहिक रूप मे राजस्थानी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गयी। स्थानीय कलाकार महावीर अग्रवाल एंड टीम के द्वारा भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इससे पहले गणेश वंदना से फाग गीतों की शुरूआत हुई। इस अवसर पर मंदिर में उड़े रे गुलाल..., फागण आयो रे साँवरिया मारा खेलो होली..., आज बिरज में होरी रे सखियां आज बिरज में होरी..., होली आई होली मस्ती आई रे..., आयो आयो रे फागणियों... आदि फाग गीतों पर मंदिर का धर्मशाला परिसर होली की मस्ती में डूब गया। इसे सफल बनाने मे प्रमुख रूप से अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल, निर्मल मित्तल, नरेश मोदी, सांवरमल शर्मा, महावीर गुप्ता, अजय हरुपका, बबलू आगीवाल, पवन अग्रवाल, ललित अग्रवाल, उषा शर्मा, मंजू, रीमा, अंजू, राकेश, दीनू, शशि, बिनोद ,भूपेश, बुल्ला, राजेन्द्र मोदी, कमल हरुपका, अशोक अग्रवाल सहित निर्णायक भूमिका में छाया गुप्ता और रेखा मित्तल आदि का योगदान रहा।







कदमा मारवाड़ी मंदिर में होली पर मंत्री बन्ना गुप्ता को सम्मानित करते आयोजक और जुगसलाई में मारवाड़ी समाज के होली महोत्सव में अपने पति एवं झारखंड के मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ लठमार होली खेलती श्रीमती सुधा गुप्ता।

## एक नजर में

### विधायक मंगल कालिंदी ने लिया आशीर्वाद



**जमशेदपुर।** जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के एम इ स्कूल रोड स्थित राजस्थान शिव मंदिर में श्री गुरुदेव सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान बुधवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने स्वामी सदानन्द सरस्वतीजी महाराज से मुलाकात की और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

### काले ने नयी दिल्ली में किया चुनाव प्रचार



**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने बुधवार को नई दिल्ली लोकसभा सीट से बीजेपी की उम्मीदवार बांसुरी स्वराज जी के लिये प्रचार किया और लोगों से संपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिये आग्रह किया। बड़ी संख्या में उपस्थित प्रबुदजनों ने एक स्वर में अबकी बार 400 पार के संकल्प को दोहराया और नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। काले ने कहा कि हमारे देश के ऋषि-मुनियों और गुरुओं ने भारत राष्ट्र के परम वैभव की जो कल्पना की थी वो अब नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से पूर्ण होता दिख रहा है। काले फि लहाल दिल्ली प्रवास पर हैं।

### डॉ मनोहर लाल गोयल-श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट का होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न



**जमशेदपुर।** डॉ मनोहर लाल गोयल श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट ने होली मिलन समारोह मनाया। इस प्रोग्राम में पैरेंट्स टंग ट्विस्टर्स, बैलून गेम्स, एक मिनट में चूड़ियां पहनना और गुब्बारे फोड़ना, दमशराड जैसे गेम खेलकर मजा ले रहे थे। इसे सफल बनाने में स्कूल की हेड, ईशा गोयल, कर्मचारियों और शिक्षिकाओं का योगदान था।

### राकेश तिवारी के आवास पर खूब जमी होली



**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं सामाजिक संस्था परहित सेवा संघ के अध्यक्ष राकेश तिवारी के सोनारी स्थित आवास पर होली मिलन संपन्न हुआ श्री तिवारी के आवास पर होली मिलन में संस्था के सदस्यों के साथ कई गणमान्यों ने शिरकत कर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर लजीज व्यंजन का आनंद उठाया। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि होलिका दहन के साथ ही हम अपने सभी घृणा घमंड अहंकार का दहन कर आपसी प्रेम और भाईचारे को आत्मसात करते हैं और हर वर्ष नई उमंग और ऊर्जा के साथ रंगो उमंगों के पर्व होली का स्वागत करते हैं आईए अपने जीवन में हर दिन इसे चरितार्थ करने का संकल्प लें। इस अवसर पर संस्था के महासचिव आचार्य जितेंद्र पांडे कन्हैया ओझा संतन पांडे पंकज पांडे समेत सैकड़ो सदस्य उपस्थित थे।

### तिलक होली खेलकर पानी बचाने का दिया संदेश



**जमशेदपुर।** रंगों एवं अबीर-गुललों से मनाये जाने वाले पर्व होली पर कदमा सोनारी लिंक रोड में वरिष्ठ नागरिकों (मॉर्निंग वॉकर्स) ने होली उत्सव को रंगों का परित्याग करते हुए पर्व को तिलक होली के रूप में मनाया एवं जल संरक्षण का संदेश दिया। सभी वरिष्ठ नागरिकों का मानना है कि शहर में वैसे ही जल की बर्बादी बहुत अधिक होती दिखती है फलस्वरुप गर्मी में पानी की किल्लतें झेलनी पड़ती है। मौके पर सुधाकर लाल दास, गणेश चौधरी, धीरेन गोराई, ए एस राय, एस एन मित्रा, बी के शर्मा, रामदेव, लक्खी महतो, डी आर ठाकुर, भरत भूबीज, श्रीकांत देव, शंभू सरदार, राव बाबू, सुशील मंडल सहित काफी वरिष्ठ सदस्य शामिल हुए।

### टाटा स्टील व टाटा पावर की कैप्टिव क्लीन एनर्जी डील शीर्ष डील में शामिल

**मुंबई/जमशेदपुर।** वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्टील कंपनी, टाटा स्टील को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि इंडिया बिजनेस लॉ जर्नल ने टाटा पावर के साथ उसकी 966 मेगावाट राउंड-द-क्लॉक (आरटीसी) ग्रुप कैप्टिव डील्स को '2023 की शीर्ष डील' की सूची में शामिल किया है। ग्रुप कैप्टिव योजना के तहत, यह भारत की सबसे बड़ी औद्योगिक राउंड-द-क्लॉक हाइब्रिड रिन्यूएबल पावर परियोजनाओं में से एक है और इसे टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) की सहायक कंपनी टीपी वर्धमान सूर्या द्वारा क्रियान्वित किया जायेगा। यह मेगा डील, जिसे 2023 के 50 बेहतरीन डील में से एक माना गया है, हरित ऊर्जा समाधान अपनाने और बेहतर कल को सक्षम बनाने के लिए टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### करीम सिटी कॉलेज में 'अजब मदारी गजब तमाशा' का मंचन



**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था स्पार्क (सोसाइटी फॉर प्रोमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर) के तत्वावधान में विश्व रंगमंच दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। मौके पर प्रसिद्ध नाटककार अख्तर अली द्वारा लिखित नाटक ' अजब मदारी गजब तमाशा' का प्रदर्शन किया गया, जिसका निर्देशन शिवलाल सागर ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज उपस्थित हुए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए विश्व रंगमंच के लिए बधाई दी और कहा कि नाटक साहित्य का एक ऐसा रूप है जिसमें हमारा जीवन पूर्णतया प्रतिबिंबित होता है। नाटक का सफल प्रदर्शन कॉलेज के केंद्रीय मंच पर हुआ जिसमें मुख्य भूमिका अनिकेत कर्ण तथा अनिकेत जायसवाल ने निभाई। उनके अलावा कई कलाकार विद्यार्थियों ने नाटक में भाग लिया।

## झारखंड के यूसील अधिकारियों ने आंध्रप्रदेश में परिवार संग जम कर खेली होली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जादूगोड़ा।** आंध्र प्रदेश में भी झारखंड के यूसील अधिकारियो व उनकी पत्नियों ने जमकर खेली होली। इधर अपनी मिट्टी से हजारों किलो दूर रहकर भी जिंदा रखा है अपनी संस्कृति। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने भी प्रेम व भाई चारे के इस पर्व के प्रति अपनी आस्था जताई व एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिले व होली के रंग में आस्था कीडुबकी लगाई। इसके पूर्व कंपनी की महत्वपूर्ण तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के यूनिट हेड सह जीएम एम एस राव व यूसील के अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक डा. संतोष कुमार सतपति ने होलिका दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रारंभ में तनुश्री ने सीएमडी सतपति के स्वागत में नृत्य प्रस्तुत किया गया वही कंपनी अधिकारियो के बच्चों द्वारा कई मन मोहक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। एंकरिंग गौतम कोल्लुरु और यशवंत एच ने की। कार्यक्रम के दौरान सभी ने उनके द्वारा सुनाए गए चुटकुलों का आनंद लिया। विपिन कुमार शर्मा एवं एंकर द्वारा गायन प्रस्तुति भी की गई।

## आरका जैन विश्वविद्यालय का इटली सहित तीन कंपनियों से एमओयू

- पढ़ाई के दौरान विद्यार्थी करेंगे इंडस्ट्री ट्रेनिंग और जॉब मे मिलेगी प्राथमिकता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के प्राथिष्ठित विश्वविद्यालयों मे एक आरका जैन विश्वविद्यालय का इटली के कंपनी रीफलेक्सन इंडिया लिमिटेड के साथ साथ सिग्मा एच टी एस और होटल अल्कोर के साथ एम ओ यू विश्वविद्यालय के प्रांगण मे हस्ताक्षर के साथ संपन्न हुआ।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव और री फ्लेक्सन इंडिया लिमिटेड के एम डी श्री राजीव सिंह दुग्गल ने एम ओ यू पर हस्ताक्षर किया । एम ओ यू के अनुसार अब आरका जैन विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और बी बी ए के विद्यार्थी फैक्ट्री मे जा कर इंटर्नशिप ट्रेनिंग कर पाएंगे और उन्हे प्लेसमेंट की भी प्राथमिकता दी जायेगी।

इंटर्नशिप के दौरान इंजीनियरिंग के विद्यार्थी री फ्लेक्सन इंडिया लिमिटेड और सिग्मा एच टी एस में जा कर वहां के कार्य प्रणाली , उत्पादन , मार्केटिंग और इंडस्ट्री के



होटल अलकोर के राजीव दुग्गल और अरका जैन के निदेशक अमित श्रीवास्तव एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए।

## जमशेदपुर एफसी के देशी-विदेशी खिलाड़ियों ने जम कर खेली होली





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी के खिलाड़ियों ने एकता और भाईचारे का परिचय देते हुए रंगों के साथ होली मनाई। मेन ऑफ स्टील के भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को रंगों से सराबोर कर सीमाओं से परे एक-दूसरे के साथ बंधन को मजबूत किया। हंसी-मजाक और भाईचारे के बीच, हेड कोच खालिद जमील भी शामिल हुए, जिन्होंने उत्सव की भावना को और बढ़ा दिया।

## विद्या भारती चिन्मया स्कूल टेल्को में एनसीसी यूनिट का हुआ उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, टेल्को में शनिवार, 23 मार्च को एनसीसी की स्थापना की गई। अवसर विशेष पर कर्नल विनय आहूजा, कमांडिंग ऑफिसर, 37 झारखंड बटालियन मुख्य अतिथि के रूप में तथा विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव श्री विष्णु चंद्र दीक्षित सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ हुआ,उसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा ज्ञानदीप प्रज्वलन व एनसीसी का औपचारिक उद्घाटन किया गया, साथ ही विद्यालय प्राचार्या मीना विल्खू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति समूह गीत एवं किंड्रेड कोटिलियन समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के संकल्प के साथ टाटा पहुंची बुलेट रानी

- बुलेट से 21000 किमी की भारत यात्रा पर निकली हैं राजलक्ष्मी मंदा
- भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने बुलेट रानी का किया जोरदार स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** कहो दिल से नरेंद्र मोदी फिर से और वोट फॉर मोदी के नारों के साथ बुलेट पर सवार होकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ तमिलनाडु के मदुरई से 21 हजार किलोमीटर की यात्रा पर निकली राजलक्ष्मी मंदा के लौहनगरी जमशेदपुर आगमन पर भाजयुमो जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के बीच पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया। बुधवार को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के सोनारी एयरपोर्ट के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न मंडलों के भाजयुमो कार्यकताओं ने राजलक्ष्मी मंदा के इस साहसिक अभियान की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं व्यक्त की। इस दौरान उत्साहित युवा कार्यकताओं ने राजलक्ष्मी मंदा के साथ बाइक रैली निकालकर आदित्यपुर पुल तक नारेबाजी करते हुए गंतव्य के लिए रवाना किया। ज्ञात हो कि राजलक्ष्मी मंदा 9.5 टन की ट्रक को खींचकर पहली महिला बनने का विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुकी हैं। राजलक्ष्मी मंदा अब तक तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़ राज्य की यात्रा बुलेट से पूरा करने के बाद झारखंड पहुंची है। जमशेदपुर के पश्चात उनकी 'संकल्प यात्रा' चाईबासा के रास्ते खुंटी के लिए प्रस्थान करेगी।

पत्रकारों से बातचीत में राजलक्ष्मी मंदा ने बताया कि भारत के प्रत्येक नागरिक का अधिकार व कर्तव्य है कि वह देश के सर्वांगीण विकास व अपने आने वाले पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए सर्वश्रेष्ठ नेता चुनें। उन्होंने कहा कि वे किसी भी पार्टी की सदस्य नहीं हैं लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों व सिद्धान्तों से प्रेरित होकर उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन करने के लिए जनजागरण मुहिम वाली 'संकल्प यात्रा' को बुलेट से पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत और मजबूत राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं, उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की जनता अपना पूरा समर्थन और आशीर्वाद प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि मदुरई से जब यात्रा शुरू हुई, तो उन्हें उम्मीद थी कि उनके इस अभियान को सभी का साथ मिलेगा। आज पूरा देश उनके साथ है।

## स्पीड न्यूज

### लोकसभा प्रत्याशी को दी बधाई



**सतबरवा।** भाजपा प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व द्वारा घोषित चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के आवास में मुलाकात कर होली की शुभकामनाएं और बधाई दी गयी। बधाई देने वालों में पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष रवि प्रसाद, प्रखंड महामंत्री चंचल यादव, दिनेश साहू, तुलेश्वर सिंह, मनोज यादव, धीरज सिंह, अनूप यादव, विधायक पासवान समेत कई भाजपा कार्यकर्ताओं का नाम शामिल हैं।

### जिले में हर्षोल्लास-उमंग से मनी होली

**मेदिनीनगर।** जिले में हर्षोल्लास व उमंग के साथ रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनी। मेदिनीनगर शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार दो दिन होली मनायी गयी। बच्चों व युवकों की टोली सुबह से देर शाम तक होली खेलते दिखे। इसके पूर्व होलिका दहन भी हुआ। बच्चों में होली पर एक दूसरे को रंग लगाने को लेकर उत्साह रहा। हाथों में पिचकारी लेकर एक दूसरे पर रंग डालने को लेकर दौड़ लगाते दिखे। हालांकि शहर में पुलिस की गश्ती भी देखी गयी।

### विधायक ने कार्यकर्ताओं संग मनायी होली



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड अपने आवास मौर्या फार्म हाउस में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ खेली होली। विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं को अबीर गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। विधायक विभिन्न जगहों पर होली में मौजूद थे। मौके पर अधिवक्ता लाला यादव, प्रो बच्चन ठाकुर, पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी कमेश यादव, सुधीर तिवारी, अखिलेश चंद्रवंशी, अजय तिवारी, उमेश चंद्रवंशी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### चाकू मारने के तीन आरोपी गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** सदर थाना पुलिस ने सिंगरा के सूरज शुक्ला उर्फ धीरज शुक्ला (24) को चाकू मारकर घायल करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया उनमें पाटन थाना क्षेत्र के पकरी निवासी दीपक दुबे उर्फ पहलवान पिता कृष्णानंद दुबे, टीवी टावर बैरिया के कौशल किशोर शुक्ला उर्फ बिटू पिता लव शुक्ला सिंगरा, लव शुक्ला का नाम शामिल है। पुलिस ने बुलेट व मोबाइल भी बरामद किया है।

### ट्रांसफार्मर से तेल की चोरी



**सतबरवा।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग एनएच 75 पर स्थित सतबरवा बस स्टैंड के समीप 200 केवीए के ट्रांसफार्मर से तेल की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि सोमवार को होली की रात अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर से तेल निकाल चलते बने। तेल के अभाव में ट्रांसफार्मर को मंगलवार सुबह से बंद कर दिया गया है ताकि तेल के अभाव में ट्रांसफार्मर खराब नहीं हो सके। बुधवार को समाचार लिखे जाने तक करीब दो सौ से ज्यादा उपभोक्ताओं के घरों में बिजली आपूर्ति ठप है।

### हैदराबाद कमाने गये युवक की मौत



**पाटन पलामू।** धनगांइ के अनिकेत कुमार (23) पिता उदय भुइयां की मौत बुखार से हैदराबाद में हो गयी। मृतक सात महीना से कुंवर फैक्ट्री हैदराबाद में काम करता था। इस दौरान अचानक बुखार और पेट के असहनीय दर्द से कुछ ही समय में देहांत हो गया। इसकी सूचना पाकर परिजनों में शोक की लहर दौड़ गयी। अनिकेत घर में अकेला कमाने वाला व्यक्ति था। इसी की बदौलत घर परिवार चल रहा था। मौके पर मुखिया पति लक्ष्मण पासवान, भुइयां विकास मंच पाटन के संयोजक सह प्रबंधक सूरत राम भुइयां, सचिव ललन भुइयां, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम भुइयां, मुख्य सचेतक गुबेश भुइयां, पंचायत समिति सदस्य जंघासी आदि भी थे।

### राजद नेता जाकिर अली को दिल का दौरा



**हुसैनाबाद (पलामू)।** गत दिनों हरिहरगंज में राजद के होली मिलन समारोह में प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता मो जाकिर अली उर्फ राज अली शामिल हुए थे। कार्यक्रम में भाषण के दौरान उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी। इस बीच उन्हें तत्काल हरिहरगंज सीएचसी पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। उन्हें वाराणसी के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। जांच के बाद पता लगा कि उन्हें तीन जगह ब्लॉकेज है। उनकी पुत्री थ्रो बोल की राष्ट्रीय खिलाड़ी शायरा कायनात ने बताया कि उनके पिता की हालत ठीक है। उन्हें वाराणसी से रांची के केसी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ में पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टुटू, विस प्रभारी कलामुद्दीन खान, मोहिउद्दीन अंसारी आदि ने की है।

### शिव प्रसाद गुप्त बने हुरलोंग महावीर मंदिर निर्माण समिति के नये अध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के हुरलोंग महावीर मंदिर के प्रांगण में मंदिर निर्माण को लेकर एक बैठक आहूत की गयी। जिसमें मंदिर के अबतक कार्यों की समीक्षा की गयी। जिसमें पुरानी कमेटी भंग कर नयी कमेटी का विस्तार किया गया। कार्य जल्द पूर्ण हो इसके लिए ग्रामीणों ने शिव प्रसाद गुप्ता में आस्था व्यक्त करते हुए मंदिर निर्माण समिति का उनको नया अध्यक्ष मनोनीत किया। अश्विन चंद्रवंशी को सचिव और दिलीप प्रसाद गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। शिव प्रसाद गुप्ता के अध्यक्ष बनने पर हुरलोंग रामनवमी पूजा के अध्यक्ष बिट्टू गुप्ता एवं हुरलोंग दुर्गा पूजा के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा ने पगड़ी दे कर शिव प्रसाद गुप्ता को सम्मानित किया।

# सजायाफ्ता कांग्रेस नेता समेत दो लोगों की हत्या से दहला पलामू

- मौके पर पहुंची एसपी रीष्मा रमेशन ने ली घटना की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू।** पलामू में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। अपराधियों ने तीन दिन पूर्व कल्याणपुर में दोहरा हत्या की थी। इसके बाद बुधवार को चैनपुर प्रखंड में कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू समेत दो लोगों की निर्मम हत्या कर दी गयी। जिनमें एक सजायाफ्ता राजमोहन पोलू है। पोलू की हत्या की जानकारी मिलने के बाद पुलिस वहां पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की। हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, चैनपुर इंस्पेक्टर जीतराम महली समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन भी मौके पर पहुंची। एसपी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। पूर्व में राजमोहन ने एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी, इसी दौरान उसने एक गाय को भी गोली मार दी थी। इस घटना के बाद पूरे मामले में हंगामा हुआ था। पूरे मामले में पुलिस अनुसंधान करते हुए राजमोहन पोलू को दोषी पाया था। कोर्ट ने पूरे मामले पर सुनवाई करते हुए राजमोहन पोलू को 10 वर्ष की सजा सुनायी थी। कुछ दिन पूर्व पोलू सजा काटकर बाहर निकला था। इसके बाद अपराधियों ने उनकी हत्या कर दी।

## होली में भारी खून खराबा : इसके पहले चैनपुर के कल्याणपुर में हुई थी डबल मर्डर



### चैनपुर : कल्याणपुर में युवक की गोली मारकर हत्या

**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में मनोज चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। युवक उस समय शराब पी रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने युवक को गोली मार दी। घटना मंगलवार रात 10 बजे की है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। मनोज कुमार चौधरी का आपराधिक इतिहास रहा है। मृतक कल्याणपुर का रहने वाला था। मनोज चौधरी गढ़वा के अनराज घाटी में लूटपाट और अपहरण का आरोपी था। जानकारी के अनुसार मनोज चौधरी का होली से पहले अपने गोतिया से विवाद हुआ था। होली के मौके पर मंगलवार रात वह अपने गोतिया और परिवार के साथ बैठकर शराब पी रहा था। शराब पीने के दौरान विवाद हुआ था और बहस हुई थी। इसी दौरान आरोपियों ने मनोज चौधरी पर हमला किया और उसे जख्मी कर दिया। बाद में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मनोज चौधरी को दो गोली मारी गयी थी। घटना के बाद परिजन मनोज चौधरी को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। हॉस्पीटल में मनोज के शव का पोस्टमार्टम किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस हत्या मामले की छानबीन कर रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। कहा कि आपसी विवाद में हत्या हुई है और मृतक का आपराधिक रहा है।

# केकरगढ़ गांव के एक घर से चार किलो अफीम बरामद

## पांकी पुलिस की छापेमारी में एक आरोपी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी पुलिस ने गुप्त सूचना पर केकरगढ़ में मादक पदार्थों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने रामदेव यादव के घर से चार किलो अफीम बरामद किया। पुलिस ने रामदेव को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी रीष्मा रमेसन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पांकी थाना क्षेत्र के केकरगढ़ स्थित रामदेव यादव पिता स्व रामकेवल यादव व उसके पुत्र विकास यादव अवैध रूप से पोस्ते की खेती कर परिष्करण कर अफीम का संग्रहण अपने घर में किये हैं और उसकी बिक्री करनेवाले हैं।



**खास बातें :** एसपी के निर्देश पर लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज झा के नेतृत्व में छापामारी दल गठन किया गया। दल केकरगढ़ पहुंच छापेमारी शुरू की। पुलिस ने रामदेव राम के घर की तलाशी ली इस दौरान उसके घर से चार किलो अफीम बरामद किया गयाहै। रामदेव व उसके पुत्र द्वारा अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से ग्राम केकरगढ़ के वनभूमि में अवैध पोस्ते की खेती की गयी है। जिसका परिष्करण कर अफीम बनाया गया था। एसपी ने बताया कि बरामद अफीम की अंतरर्राष्ट्रीय मूल्य करीब 20 लाख रुपये आंकी जा सकती है। पुलिस ने पांकी थाना में रामदेव राम के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान कर रही है। इसके पूर्व भी रामदेव यादव अवैध अफीम की खरीद बिक्री के आरोप में बालूमाथ थाना लातेहार से जेल जा चुका है। छापेमारी अभियान में पांकी पुलिस शामिल थी।

# कोर्ट खास से गांजा, नशीला टैबलेट और सिरप बरामद, दो हुए गिरफ्तार

## नशीली सामग्री बेचनेवालों पर होगी कार्रवाई : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कोर्ट खास गांव से करीब 26 लाख रुपये का गांजा, नशीले टैबलेट एवं प्रतिबंधित सीरप बरामद किया है। इस सिलसिले में पुलिस ने विष्णु सिंह (68 वर्ष) एवं उसकी पत्नी फुलेश्वरी देवी (64 वर्ष) को गिरफ्तार किया है।

प्रेस वार्ता में एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि पुलिस की छापेमारी में दंपति के घर कोर्ट खास गांव में गांजा 4 किलो 400 ग्राम, प्रतिबंधित सीरप 141 बोतल (प्रत्येक बोतल 400 एमएल की), 4590 टैबलेट, छोटा तराजू 200, 100, 20, 10, ग्राम के बाट 15350 रुपये बरामद किए गए हैं। एसपी ने बताया कि आरोपित विष्णु सिंह के खिलाफ लेस्लीगंज थाने में दो मामले दर्ज हैं। उसका पुत्र एनडीपीएस केस में फिलहाल जेल में है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दंपति होलसेलर के तौर पर नशीले पदार्थों की बिक्री करता था और उसके यहां से रिटेल में बेचने वाले खरीद कर ले जाते थे। एसपी ने कहा कि नशा सामग्री की तस्करी करने वाले सावधान हो जायें। इस पर पुलिस की पैनी नजर है। नशीले पदार्थों की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पलामू जिले में मादक पदार्थों की बिक्री करनेवालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। मादक पदार्थ के सेवन से युवा वर्ग अधिकतर बर्बाद हो रहे हैं।

# शांतिपूर्ण होली मनाने को लेकर सतबरवा पुलिस का फ्लैग मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** होली त्यौहार को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रविवार को सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकल गया। फ्लैग मार्च सतबरवा थाना से निकलकर काली मंदिर मेलाटांड़, पुरानी मस्जिद, महावीर चौक, रामघाट, तुम्बागड़ा, बकोरिया, ताबर, बारी, लहलहे, पोलपोल, झाबर गांव होते हुए पुनः अपने गंतव्य स्थान थाना परिसर में समाप्त हो गया। इस दौरान थाना प्रभारी अंचित कुमार ने थाना क्षेत्र के लोगों को होली की शुभकामना देते हुए कहा कि होली रंगों का त्योहार है इसे सौहार्द पूर्वक निर्भीक होकर खुशी खुशी मनाएं। त्यौहार के दौरान पुलिस की पैनी नजर रहेगी ताकि किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटनाएं नहीं हो। पलामू प्रशासन के निर्देश पर फ्लैग मार्च निकला गया है ताकि क्षेत्र में सभी लोग अमन शांति और भाईचारा का त्यौहार होली शांतिपूर्ण ढंग से मान सके।

# चातुर्मास महायज्ञ सफल बनाने को हुई बैठक सह होली मिलन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पड़वा पलामू।** सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा में श्री लक्ष्मी नारायण चातुर्मास महायज्ञ 2024 को सफल बनाने के लिए रविवार को मंदिर परिसर में कमेटी प्रारूप फाइनल किया गया। प्रारूप स्वामी जी के पास भेजा जायेगा। उनके सहमति उपरांत यज्ञ समिति का अंतिम प्रारूप प्रदान किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता यज्ञ समिति के अध्यक्ष विजय सिंह व संचालन उमाशंकर सिंह ने किया। बारालोटा के मनु प्रसाद तिवारी ने यज्ञ की तैयारी को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दी। बैठक में चातुर्मास को चर्चा किया गया। कमेटी में अध्यक्ष उपाध्यक्ष योगेंद्र शुक्ला, महाराणा प्रताप सिंह, मुरली शुक्ला, श्रवण शुक्ला, रामाधार सिंह, वीरेंद्र शुक्ला, अरविंद शुक्ला, मालुकी सिंह, पप्पू सिंह, अजय सिंह, अरुण सिंह, विनोद कुमार सिंह, सचिव अंबुज कुमार सिंह, संरक्षक संतोष शुक्ला, संयोजक केएन त्रिपाठी, मँडिया प्रभारी अजीत मिश्रा, विनय कुमार सिंह, राजीव तिवारी आदि थे।

### सूठा से देशी और विदेशी शराब बरामद



**पाटन पलामू।** पुलिस ने होली पर छापामारी कर बड़े पैमाने पर देशी-विदेशी शराब पाटन के सुंठा से जब्त किया। जब्त शराब केन बीयर चौबीस बोतल, टनाका देशी शराब 48 बोतल, ब्लैक रम 14 बोतल, इमपीरीयम बुलु चालीस बोतल, आरएस उनीस बोतल, बीयर बयासी बोतल, बकाडी चार बोतल बरामद किया गया। इस छापामारी अभियान में पाटन थाना प्रभारी लालजी, पाटन इंस्पेक्टर आर आर पटेल, पुअनि आनंद राम एवं पुलिस के जवान उपस्थित थे।

### विकास होटल से अवैध शराब बरामद



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के विकास होटल में गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापामारी की। जहां होटल मालिक पुलिस को देख फरार हो गया। पुलिस ने उसके होटल से अवैध अंग्रेजी शराब, देशी शराब और बियर बरामद किया है। जिसमें विभिन्न ब्रांड का शराब शामिल है।

### स्तरोन्नत उवि की छात्राओं के खाते में नहीं आये पैसे



**पाटन (पलामू)।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत सिक्की कला में स्तरोन्नत उवि के दर्जनों छात्र छात्राओं को पाटन बीडीओ, सीओ पंसस, मुखिया क उपस्थिति में चेक दिया गया था परंतु अभी तक किसी के खाते में पैसे नहीं आये। विद्यालय के नौवीं की छात्रा सह बाल सांसद की प्रधानमंत्री चंचल ने इस संबंध में कहा कि तीन माह गुजरने जाने के बाद भी हमलोगों के खाते मे पैसे नहीं आना धोखा है। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि हम सबको साइकिल के पैसे सावित्री बाई फुले योजना के खाते में भेजें।

### कोयल नदी में डूबने से दो बच्चियों की मौत



**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के कादल कुर्मी गांव में दो बच्चियों की मौत कोयल नदी में डूबने से हो गयी। उल्लास, रंग का पर्व होली गम में बदल गया। जानकारी के अनुसार गांव के 5-6 बच्चे कादलकुर्मी पंचायत सचिवालय के पास कोयल नदी में स्नान करने गये थे जिसमें दो बच्चियों की मौत गहरे पानी में जाने से हो गया है। जबकि अन्य बच्चे किसी तरह बच निकले हैं। मृतक में प्रिया कुमारी (9) पिता सखीचंद साव, रूबी कुमारी (8) पिता अशोक यादव शामिल है। सूचना पर मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज तिवारी के निर्देश पर एएसआई सुबीर किस्कू ने घटनास्थल पहुंच शव को अंत्यपरीक्षण के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

# भाजपा प्रत्याशी का भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को सतबरवा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक के नेतृत्व में युवा मोर्चा जिला मंत्री विकास तिवारी, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अनुज चंद्रवंशी एवं मंडल महामंत्री संदीप कुमार ने शॉल, भगवा गमछा, माला एवं बुके देकर स्वागत किया। विजय पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व चतरा की आवाज को सुना और एक कार्यकर्ता को प्रत्याशी घोषित किया इसके लिए आभार प्रकट करता हूं।



**खास बातें :** आजादी काल से आज तक बाहर का ही लोकसभा सदस्य चुनकर गया था। कार्पकर्ता की मांग आज पूरा होने पर हर्ष है। वे मृदुभाषी, सौम्य, कुशल व्यवहार के धनी संघ का कई वर्षो तक सेवा करने वाले, कुशल शिक्षक पद से त्यागपत्र देकर राजनीति में अपनी पैठ बनाकर भाजपा में अनेक दायित्व किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री, महामंत्री तक के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। आज कुछ लोग आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं उनको जनता भाजपा के घोषित प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर आईना दिखाने का कार्य करेंगे। भाजपा कार्यकर्ता एकजुट है और श्री सिंह के साथ मजबूती से चट्टान की तरह खड़े हैं।

# पत्नी से विवाद में लगा ली फांसी

- घटना जपला देवरी रोड गैस गोदाम के समीप
- परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका, मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** पति-पत्नी के मामूली विवाद में युवक (22) ने फांसी लगाने का मामला प्रकाश में आया है। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 12 देवरी रोड गैस गोदाम के समीप एक किराये के मकान में घटी हैं। मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गोड्डाडीह निवासी व मृतक के पिता उदय पासवान ने हुसैनाबाद थाना में हत्या की आशंका व आरोप लगाते हुए मृतक की पत्नी काजल कुमारी (20) को आरोपी बनाते हुए मामला दर्ज कराया है। इधर, पुलिस घटना के सूचना मिलते



ही शव को कब्जे में कर आत्मपरीक्षण हेतु अनुमंडलीय अस्पताल भेज कर मामले की जांच कर रही हैं। आवेदन में कहा गया है कि मेरा पुत्र करीब तीन वर्ष पूर्व मोहमदगंज थाना क्षेत्र के पिपरबंधा टोला निमहत निवासी रामराज राजवंशी की पुत्री काजल से प्रेम विवाह कर जपला में रहता था।

# अवैध कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा: सौरभ चौबे

- विश्रामपुर पुलिस ने अवैध विदेशी शराब और बीयर का जखीरा किया बरामद, एक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दुलसुलामा गांव में छापामारी कर एक घर से अवैध विदेशी शराब और बीयर का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने शराब के अवैध कारोबारी एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है।

विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने बताया कि थाना क्षेत्र के दुसुलमा गांव में सुमारू साह के घर गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गयी। छापेमारी में दौरान घर से 49 पिस 650 एमएल किंगफिशर कंपनी की बियर बोतल और 51 पीस 180 एमएल इंपिरियल ब्लू विदेशी शराब की बोतल बरामद किया गया। अवैध कारोबार में शामिल सुमारू साह को गिरफ्तार भी कर लिया गया।



बरामद शराब के बारे में जानकारी देती विश्रामपुर पुलिस।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी :** उन्होंने बताया कि कांड संख्या 12/24 धारा - 272/273 पीसी और 47 के जहर मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी श्री चौबे ने कहा कि अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। विश्रामपुर थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध कारोबार पनपने नहीं दिया जायेगा। छापेमारी अभियान में कई और पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

# पाटन प्रखंड में धूमधाम से मनी होली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड में होली पर्व धूमधाम से मनायी गयी। होली पर्व को लेकर पाटन के पुरे क्षेत्र में खासा उत्साह देखा गया। लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। वहीं जगह-जगह पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जहां पर हर वर्ग के लोगों ने भाग लेकर होली पर्व मनाया।

होली पर्व को लेकर पाटन नावा किशुनपुर ओपी पुलिस क्षेत्र में गश्ती करती रही। नावा थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय के द्वारा थाना में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में पाटन थाना प्रभारी लालजी, पाटन पुलिस इंस्पेक्टर रामाशंकर पटेल समेत कई लोग उपस्थित थे। सभी लोगों ने बच्चों के साथ खाना खाया तथा बच्चों के साथ होली मनायी, जिससे बच्चे बहुत खुश नजर आये। पाटन थाना प्रभारी लालजी एवं किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने अपने अपने थाने होली मिलन कर सभी को होली कि बधाई दी एवं होली खेला। पूरे पाटन नावा किशुनपुर क्षेत्र में शांति पुरवक होली मनायी गयी। बच्चे नौजवान होली के रंग में दिन भर सराबोर देखे गये। पर्व की खुशी में डीजे पर लोग थिरकते रहे। वहीं पाटन के जनप्रतिनिधियों ने भी अपने अपने क्षेत्रों में लोगों से मिलकर होली मनायी।



एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते लोग।

# बड़े बैंक की वकालत


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि महामारी के पहले हुए सरकारी बैंको के एकीकरण की एक प्रमुख वजह थी बड़े आकार पर कारोबार सक्षम बनाना। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या सरकार कुछ और सरकारी बैंकों का विलय करने के बारे में विचार कर रही है। उदाहरण के लिए पिछले दौर के विलय में ओरियंटल बैंक ऑफ इंडिया का पंजाब नैशनल बैंक के साथ विलय किया गया था जबकि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कॉर्पोरेशन बैंक और आन्ध्रा बैंक का विलय किया गया था। इसके अलावा इलाहाबाद बैंक का विलय इंडियन बैंक में किया गया था। फिलहाल तो एसबीआई का बहीखाता उसके बाद के तीन बड़े बैंकों के समग्र बहीखाते से भी बड़ा है। अर्थव्यवस्था के विकास के साथ बैंकों का आकार भी बढ़ेगा और कुछ बैंक अन्य बैंकों की तुलना में तेजी से विकसित होंगे लेकिन यह संभव नहीं लगता कि अगले कुछ वर्षों में भारत में एसबीआई के आकार के चार या पांच बैंक हों। शायद सरकार का विचार यह होगा कि बड़े बैंक देश के बुनियादी क्षेत्र की जरूरतों को आसानी से पूरा कर सकेंगे। परंतु तथ्य यह है कि बैंक अक्सर बुनियादी क्षेत्र की परियोजनाओं को उनके कारोबार की बुनियादी प्रकृति की वजह से ऋण देने के अनिच्छुक होते हैं। बुनियादी परियोजनाओं को पूरा होने में आमतौर पर बहुत अधिक वक्त लगता है जिससे बैंकों के लिए परिसंपत्ति-देनदारी की विसंगति उत्पन्न हो जाएगी, भले ही उनका आकार कुछ भी हो। इसके अलावा सरकार एक विकास वित्त संस्थान की स्थापना कर रही है ताकि बुनियादी क्षेत्र की सहायता की जा सके। इसके अलावा दीर्घावधि के कर्ज को आदर्श रूप से तो बॉन्ड बाजार से जुटाया जाना चाहिए और उसका बीमा तथा पेंशन फंड से भी वित्त पोषण किया जा सकता है।

# श्रम कानून में बदलाव

दरअसल, तर्क है कि सरकार न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन की दिशा में एक कदम आगे बढ़ी है। तर्क है कि कानून श्रमिकों की पेशागत सुरक्षा को प्राथमिकता देती है जो काम करने का बेहतर वातावरण बनाने और आर्थिक विकास को गति देने का कार्य करेंगे। साथ ही सुधार कारोबारी सुगमता को सुनिश्चित करेंगे। तर्क यह भी है कि इससे लालफीताशाही और इंस्पेक्टरी राज पर अंकुश लगेगा। ये सुधार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेंगे और भविष्य निधि संगठन तथा कर्मचारी राज्य निगम के दायरे का विस्तार करके श्रमिकों को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेंगे। कहा जा रहा है कि देश के संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को इससे कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। अब सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा। उनका वेतन डिजिटल माध्यम से भुगतान करना होगा। साल भर में श्रमिकों का हेल्थचेकअप करना भी अनिवार्य किया गया । सरकार का कहना है कि वह प्रवासी श्रमिकों का डेटा बैंक तैयार कर रही है तथा व्यवस्था की जा रही है कि प्रवासी मजदूरों को मूल निवास जाने के लिये साल में एक बार यात्रा भत्ता दिया जाये। पहले किसी कंपनी में दुर्घटना होने पर जुमार्ने की जो राशि सरकार के खाते में जाती थी, अब नये कानून में जुमार्ने की आधी राशि पीड़ित को देने की बात कही गई है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और कई श्रमिक संगठन इन सुधारों का विरोध कर रहे हैं। भारतीय मजदूर संघ ने भी कानून बनाने में जल्दी करने पर सवाल उठाये हैं। लेकिन सुधारों का प्रभाव और समय को लेकर भले हम आलोचना करें लेकिन इन नीतियों के प्रभाव हमें अगले वित्तीय वर्ष में ही देखने को मिलेंगे। देश में निजी क्षेत्र के बढ़ते प्रभाव और श्रमिक-नियोक्ता तनाव के बीच यह कानून व्यापकता लिये हुये है लेकिन के क्रियान्वयन का मूल्यांकन अभी शेष है।

# इंटरनेट के माध्यम से देश में रोजगार और विकास





-प्रेम प्रकाश

2023 तक भारत में ओटीटी इंडस्ट्री में 45 फीसद वृद्धि की संभावना है। इसे यों भी कह सकते हैं कि कोरोना ने इस संभावना को दोगुना कर दिया है। पहले जहां देश में अमेजॉन और नेटफ्लिक्स जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म्स का ही दबदबा था, वहीं अब ओरिजनल कंटेंट के मामले में भारतीय प्लेटफॉर्म्स उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। कुछ भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म तो इनसे काफी आगे हैं।

**भारत** सहित दुनिया के इतिहास में बीते तीन दशक इस लिहाज से खासे अहम हैं कि इसने व्यक्ति, अभिव्यक्ति और सभ्यता के साझे बूते के साथ आधुनिकीकरण की पूरी प्रक्रिया और आशय को ही बदल दिया। दिलचस्प यह कि यह सब जिस तेजी के साथ घटित हुआ उसके पीछे तकनीक की वह संजालीय ताकत है, जिसे हम इंटरनेट कहते हैं। दुनिया के बाकी हिस्सों के मुकाबले भारत में इस बदलाव का खास मतलब इसलिए है क्योंकि यहां समाज और संस्कृति का बहुलतावादी अस्तित्व पारंपरिक तौर पर कायम रहा है।

**इंटरनेट के ढाई दशक**

इंटरनेट ने भारत में 25 साल पूरे कर किए हैं। आज इंटरनेट इस्तेमाल करने के मामले में हमारा देश दुनिया में दूसरे स्थान पर है। दरअसल, बीते ढाई दशक से भारत जिस तरह डिजिटल मोड में आता गया है, उसमें बड़ी भूमिका निभाई है कंप्यूटर ने। कंप्यूटर से हमारा परिचय उदारीकरण के दौर से पहले का है। यह परिचय अपवाद से तब आम व्यवहार का हिस्सा बना जब 15 अगस्त 1995 को भारत को इंटरनेट का तोहफा मिला। विदेश संचार निगम ने देश का पहला इंटरनेट कनेक्शन दिया। 2010 तक आते-आते स्मार्टफोन की आमद ने हमारी निजी और सार्वजनिक दुनिया को एक साथ नियंत्रित करना शुरू कर दिया।

आज आलम यह है कि देश में 70 करोड़ से ज्यादा लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं और यह हमारे लिए पानी या आक्सीजन की तरह जरूरी हो गया है। बदलाव की यह प्रक्रिया हमारे जीवन को कई स्तरों पर बदल रही थी। लेखन से लेकर अभिव्यक्ति और मनोरंजन की दुनिया के हिस्से यह बदलाव जिस रूप में आया, वह तो दंग कर देने वाला है। एक सामान्य समझदारी के लिए हम कह सकते हैं कि मानव सभ्यता का 21वीं सदी में दाखिला उस आभासलोक में उतरने जैसा है, जो कहने को तो हमें पूरी दुनिया से एक माउस या एक क्लिक के साथ जोड़ देता है पर वास्तव में यह जुड़ाव संवेदना और सामाजिकता की दुनिया में एक व्यक्ति को किस तरह नितांत अकेला करता गया है, यह आज हम अनुभव कर सकते हैं।

**कोरोना और ओटीटी**

इस साल के दूसरे-तीसरे महीने से कोरोना का कहर हमारे आसपास पहुंच चुका था। टीवी धारावाहिकों और सिनेमा हॉल में जाकर फिल्म देखने के शौकीन आज वेब सीरीज या ओटीटी (ओवर द टॉप)पर रिलीज होने वाली फिल्मों की बात कर रहे हैं। यह एक बड़ा बदलाव है और यह आगे किस तरह और ज्यादा प्रभावी होगा इसे कुछ अध्ययनों और तथ्यों से हम समझ सकते हैं।

2023 तक भारत में ओटीटी इंडस्ट्री में 45 फीसद वृद्धि की संभावना है। इसे यों भी कह सकते हैं कि कोरोना ने इस संभावना को दोगुना कर दिया है। पहले जहां देश में अमेजॉन और नेटफ्लिक्स जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म्स का ही दबदबा था, वहीं अब ह्यओरिजनल कंटेंट के मामले में भारतीय प्लेटफॉर्म्स उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। कुछ भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म तो इनसे काफी आगे हैं। लेट्सओटीटीग्लोबल डॉट कॉम की मलेशिया स्थित संपादक डॉ. सुनीता कुमार बताती हैं कि भारत में साल-डेढ़ साल पहले 40 ओटीटी प्लेटफॉर्म थे, लेकिन अब इनकी संख्या दोगुनी होकर 80 से भी ज्यादा हो गई है। बदलाव का यह संजाल हमें आगे और कहां ले जाएगा यह कहना मुश्किल है। हां, एक बात जो मौजूदा स्थिति में कही-समझी जा सकती है वह यह कि इस बदलाव के साथ अभ्यस्त होने से ज्यादा जरूरी है इसके प्रति सचेत होना। यह सचेत भाव इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इससे कहीं न कहीं मनुष्य की वह नियति तय होगी जिसमें यह तारीखी तौर पर जाहिर होगा कि मनुष्यता पर अगर तकनीक इस कदर हावी हो जाए कि अनुभव और अभ्यास की उसकी रचनात्मकता बड़े पैमाने पर आभासी दुनिया में तैरने लगेगी तो फिर आधुनिकता और मनुष्यता का साझा हश्र क्या होगा। वैज्ञानिक शोध और अनुसंधान के क्रम में लिटमस या एसिड टेस्ट की बातें खूब होती हैं। यह शब्द विचार और विमर्श के क्षेत्र में भी खासा प्रचलित है। अभी हम जिन संजालीय बदलावों और उनसे जुड़ी चिंता की बात कर रहें हैं उसे समझने के लिए मौजूदा समय काफी माकूल है।

ऐसा इसलिए क्योंकि कोरोना संकट के दौरान निश्चित तौर पर सहयोग और सौहार्द की कई बड़ी मिसालें देखने को मिली हैं, पर ये सारे उदाहरण या तो आपवादिक हैं या कुछ लोगों के निजी पुरुषार्थ के किस्से। आम समाज का चरित्र इस दौरान अपने ही लोगों के प्रति खासा असहयोगपूर्ण रहा है, असहिष्णु रहा है। इसलिए इस दौरान जो हम टीवी स्क्रीन, कंप्यूटर या स्मार्टफोन पर देख रहे हैं, उससे जुड़ी विषयवस्तु या कंटेंट काफी मायने रखता है।

**हाल और सवाल**

सेक्रेड गेम्स को न सिर्फ दर्शक मिले बल्कि वे टिके भी रहे। इसके प्रसारण के समय से ही यह सवाल सुगबुगाने लगा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म को स्वच्छंद छोड़ना ठीक है क्या आज आलम यह है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जाना ही इसलिए जा रहा है कि यह देह और संबंधों की दुनिया को हर स्तर पर बेनकाब करता है।

**तकनीक और इंसानी स्फीति**

सवाल यह है कि सभ्यता के इतिहास में अब तक जो रचनात्मक अनुभव हमारे हिस्से आए हैं क्या हम उसे अंतिम तौर पर गंवाने के मुहाने पर खड़े हैं।कोरोनाकाल के कुछ अध्ययनों में यह बात आई भी है कि संवेदना और सौहार्द के दरकार के दौर में हम लगातार हिंसक होते जा रहे हैं। यह हिंसा मन और शरीर से आगे भाषा तक में जाहिर हो रही है। आगे हमारे लिए यह चुनौती होगी कि इस हश्र के पीछे की तकनीकी ताकत को लेकर हम नए सिरे से विचारशील होंगे या फिर उन स्फीतियों को सीधे-सीधे स्वीकार कर लेंगे, जिनके शिकार आज हम तेजी से हो रहे हैं।

**खबरों की लीक और तकनीक**

बात तकनीक और इस कारण आए बदलावों की हो और मीडिया की चर्चा न हो, ऐसा संभव नहीं है। इंटरनेट के कारण खबरों की एक नई दुनिया आज हमारे सामने है। इस दुनिया ने खबरों के अर्थ और आशय को ही सिर्फ नहीं बदला है, बल्कि इसके साथ ही बदल गई है इसे देखने-समझने की हमारी पूरी दृष्टि।

खास बात

## पैतृक संपति में बेटी का अधिकार

**बिंदिशा सारंग**

**कड़वी** सच्चाई यह है कि उन्हें वह आजादी और वित्तीय स्वतंत्रता नहीं मिलती है, जो पुरुषों के लिए सुलभ है। अच्छी बात यह है कि अब स्थितियां बदल रही हैं। उदाहरण के लिए भारत में विरासत कानूनों को ही लें, विशेष रूप से हिंदू परिवारों में उत्तराधिकार और विरासत के कानूनों को। हाल में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि बेटियों को हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) की संपत्तियों में समान हिस्सेदारी के अधिकार मिलेंगे, भले ही उनके पिता 9 सितंबर तक जिंदा थे या नहीं। डीएसके लीगल में पार्टनर नीरव शाह ने कहा, 'पहले स्थिति यह थी कि 2005 का अधिनियम शुरू होने की तारीख को किसी जीवित समान हिस्सेदार की जीवित बेटी होनी चाहिए। पिछली कानूनी स्थिति जन्म से प्राप्त हिस्सेदारी के अधिकार को पूरा करने में असफल रही है। शाह कहते हैं, 'हाल के फैसले ने यह स्थिति बदल दी है। इसमें कहा गया है कि बेटी को अपने जन्म से ही पैतृक संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा, भले ही उसके पिता उसके जन्म के समय जिंदा थे या नहीं।' सीधे शब्दों में कहें तो इस फैसले से संयुक्त परिवार की संपत्ति की विरासत के लिहाज से बेटियों के अधिकार और जिम्मेदारियां बेटों के समान हो गई हैं।

समीर जैन कहते हैं, ' एक संयुक्त हिंदू परिवार (जेयूएफ) वह है, जिसमें सभी व्यक्ति किसी एक पूर्वज के वंशज हैं और जिनकी एकसमान उपासना पद्धति और संयुक्त संपत्तियां हैं।' समान हिस्सेदारी कानून की उत्पत्ति है। यह संयुक्त हिंदू परिवार का छोटा रूप है, जिसमें वंश का प्रमुख और तीन क्रमानुगत पुरुष वंशज शामिल हैं। पैतृक संपत्ति वह है, जो किसी हिंदू बेटे को अपने पिता, दादा और परदादा से मिलती है। जैन कहते हैं, 'वर्ष 2005 के संशोधन का मकसद बेटियों को भी इस तथाकथित प्रीमियम क्लब में शामिल करना था।'गौर करने वाली बात यह है कि 9 सितंबर, 2005 से पहले जन्मी बेटियां केवल संशोधन की तारीख से अपने अधिकारों का दावा कर सकती हैं।

# मिथिला प्रस्थान

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सिद्धाश्रम** (बक्सर) पहुंचते ही विश्वामित्र ने राम एवं लक्ष्मण को भविष्य में होने वाले युद्ध को ध्यान में रखकर एक ऐसी विद्या की सिद्धि करवाई जिससे भूख एवं प्यास युद्ध के दौरान प्रातः काल से संध्या तक न सताए। श्री राम को धर्नुविद्या का प्रशिक्षण देने के लिये महर्षि विश्वामित्र गुरु वशिष्ठ द्वारा नियोजित किये गये थे। उन्होंने श्री राम और लक्ष्मण को धर्नुविद्या का प्रशिक्षण दिया। आग्नेयास्त्र, वायव्यास्त्र एवं ऐन्द्रास्त्र इत्यादि जितने भी दिव्यास्त्र थे वे सब तथा उनको संधान करना भी सिखाया। गुरु भक्ति का व्यवहारिक रुप श्री राम को महर्षि विश्वामित्र ही सिखाए।

**अहिल्या उद्धार:** श्री राम और लक्ष्मण ताड़का एवं सुबाहु समेत अन्य राक्षसों का संहार कर महर्षि विश्वामित्र का यज्ञ रक्षा किये। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद एक दिन महर्षि विश्वामित्र श्री राम से बोले- श्री राम मिथिला के राजा जनक जनकपुर में धनुष यज्ञ आंरभ करने वाले हैं । आप दोनों भाई भी साथ वहां चलिये। यह आदेश सुनकर श्री रामचन्द्र ने विचार किया कि अयोध्या से चलते समय गुरु वशिष्ठ ने कहा था कि मुझें अब ब्रहार्षि विश्वामित्र के आज्ञाधीन रहना है। ये जैसा चाहें वैसा ही कर्म करना मेरा प्रथम कर्तव्य है। अतः मुझे एवं लक्ष्मण को जनकपुर चलना चाहिए। महर्षि विश्वामित्र तथा अन्य ऋषियों के साथ श्री राम और लक्ष्मण सिद्धाश्रम से जनकपुर के लिये प्रस्थान किये। जनकपुर जाने के मार्ग में थोड़ी दूर तय किये।


**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

विपदा में
मन के बल का हथियार
चलाना पड़ता है
अपने हिस्से का सूरज भी
खुद खींच के लाना पड़ता है ,
वापस आना पड़ता है,
फिर वापस आना पड़ता है।
**– अमिताभ बच्चन**

आपके ट्वीट

ज्ञान अमृत है और पुस्तकें उस अमृतत्त्व - निर्बाध ज्ञान परंपरा की संवाहिकायें-प्रसारिकाएँ हैं।अविद्याजनित विकृतियों से मुक्त कर अंतस को प्रकाशित करने वाले सद्ग्रन्थों का नित्य पारायण करें।पुस्तकें सच्ची पथप्रदर्शक हैं !

**– अवधेशानंद गिरी**





झारखंड के बंदगांव एवं हाटगम्हरिया में डिग्री कॉलेज का शिलान्यास किया गया। इन कॉलेजों के खुलने से सुदूर गांवों में रहने वाले छात्रों तथा विशेष कर के हमारी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

**– चंपई सोरेन, सीएम**

कॉर्टून वर्ल्ड




# जीएसटी चालान/ बिल को जानें



**अजयदीप बाधवा**

**जीएसटी** चालान एक दस्तावेज है जो माल और सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली के तहत वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति से जुड़े लेनदेन के साक्ष्य के रूप में कार्य करता है। यह जीएसटी नियमों के तहत एक पंजीकृत करदाता द्वारा तैयार किया जाता है। चालान में विक्रेता और खरीदार की जानकारी, सामान या सेवाओं का विवरण, मात्रा, मूल्य और लागू कर जैसे आवश्यक विवरण शामिल होते हैं। जीएसटी चालान जीएसटी शासन में लेनदेन की पारदर्शिता, जवाबदेही और उचित रिकॉर्ड रखने को सुनिश्चित करता है।

### (ख) जीएसटी चालान क्या है?

जीएसटी चालान एक दस्तावेज है जो माल और सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली के तहत वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति से जुड़े लेनदेन के साक्ष्य के रूप में कार्य करता है। यह जीएसटी नियमों के अनुपालन में एक पंजीकृत करदाता द्वारा तैयार किया जाता है। चालान में विक्रेता और खरीदार की जानकारी, सामान या सेवाओं का विवरण, मात्रा, मूल्य और

आर्थिक



लागू कर जैसे आवश्यक विवरण शामिल होते हैं। जीएसटी चालान जीएसटी शासन में लेनदेन की पारदर्शिता, जवाबदेही और उचित रिकॉर्ड रखने को सुनिश्चित करता है।

### (ग) जीएसटी

### चालान बिल का महत्व क्यों है?

### 1. कानूनी अनुपालन -

जीएसटी व्यवस्था के तहत पंजीकृत करदाताओं के लिए जीएसटी चालान बिल बनाना एक कानूनी आवश्यकता है। यह व्यवसायों को कर कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने, दंड और कानूनी परिणामों से बचने में मदद करता है।

### 2. इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दावे-

जीएसटी चालान बिल इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। व्यवसाय यह सुनिश्चित करके आईटीसी सुविधा का लाभ उठा सकते हैं कि उनके पास अपनी खरीद के लिए वैध और सटीक जीएसटी चालान बिल हैं। ये चालान इनपुट पर भुगतान किए गए कर के विरुद्ध क्रेडिट का दावा करने, समग्र कर देनदारी को कम करने का प्रमाण हैं।

### 3. पारदर्शिता और जवाबदेही-

जीएसटी चालान बिल व्यापारिक लेनदेन में पारदर्शिता को बढ़ावा देते हैं। वे आपूर्ति की गई वस्तुओं या सेवाओं, उनके मूल्य और लागू करों का स्पष्ट रूप से सारांश देते हैं। यह पारदर्शिता कर चोरी को रोकने में मदद करती है और व्यवसायों के बीच जवाबदेही को बढ़ावा देती है।

लेखक कर विशेषज्ञ हैं।

लेटर टू एडिटर

### कानून से असुरक्षा

**श्रम कानून** के सुधार में नया कानून बनाया गया है, जिसके तहत तीन सौ से कम काम करने वाले कर्मचारियों को कोई कम्पनी बिना सरकार की मंजूरी लिए कभी भी निकाल सकती है। ऐसे में हर कोई कम्पनी अब अपनी मनमानी करेगी, जहां गरीब आदमी का जरूरत से ज्यादा शोषण होगा तो हर समय नौकरी जाने का डर, कही न कहीं उसकी सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है। **–रमन कुमार, रांची**

### नशे का प्रभाव

**धन** ऐश्वर्य-संपन्नता की वसूली नशे के माध्यम से करते हुए फिल्में, धारावाहिक, मनोरंजन का घालमेल समाज में परोसा जा रहा है। दूसरों को टेंशन मुक्त करता बॉलीवुड आज स्वयं टेंशन का शिकार है। दुनिया को हंसाने-रुलाने का बीड़ा उठा खुद की जिंदगी से खिलवाड़ करने का अवसर जुटा रहा है। प्रशासन व शासन सख्त कानून बना नशे में लिप्त फिल्मी व्यवसायियों पर कड़ी निगरानी बनाए।

**– रविन्द्र कुमार, हजारीबाग**

# आधुनिक जीवन शैली की देन है रात में नींद न आना

स्वास्थ्य

**रविरंजन**

**आपको** कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है।

पूरी नींद नहीं सोने से कई तरह की बीमारियां घेर लेती हैं। रात को नींद नहीं आने का आपके दिन के साथ पूरा संबंध है। आपकी जीवनशैली, खान-पान और शरीर से जुड़ी कोई अन्य बीमारी सब इसके जिम्मेदार हैं। आज के समय में ज्यादातार लोगों को अनिद्रा की शिकायत होती है। अनिद्रा हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदेह होती है और नींद क्यों नहीं आती यह सोच-सोच कर भी हम अपनी नींद खराब कर लेते हैं।

**बिस्तर से दूर करता दफ्तर**

हम सबकी जीवनशैली ऐसी हो गई है कि बस पंजों पर खड़े रहते हैं। काम का बोझ एक ऐसा सच है जो हर कोई अपनी मर्जी से नहीं ढोना चाहता। बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको निकालना होगा।आयरन की कमी से लेकर मोटापा दूर करने में कारगर है अंडा, जानिये नाश्ते में कैसे खाना उचित

कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है और डॉक्टर आपकी पर्ची पर बिस्तर पर आराम लिख देते हैं। फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें। नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है। तो यह सोच लें कि तनाव लेने भर से कोई काम आसान नहीं हो जाता है।

नौकरी को लेकर अति संवेदनशील रहने वाले लोग भी अनावश्यक तनाव लेते हैं। एक समय नौ से पांच की नौकरी का मजाक उड़ाने वाली पीढ़ी आज चौबीस गुणे सात के जाल में उलझ गई है। लेकिन अब लोग सेहत और काम के बीच के तनाव के बारे में जागरूक भी हो रहे हैं।

**आपके दिमाग में क्या है**

सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए पॉडकास्ट पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या हैह्न तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और आनलाइन खबरें पढ़ना। बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। हमने अपने दिमाग को एक मिनट के लिए खाली छोड़ा ही नहीं है तो फिर नींद पर उन सूचनाओं का एक साथ हमला होने लगता है।आपको कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें। अपनी मनपसंद कोई हल्की-फुल्की किताब पढ़ें और किसी भी तरह की विवादित बातें न सोचें। इन दिनों एक मजाक प्रचलित है कि नींद आंखें बंद करने से नहीं इंटरनेट का डाटा बंद करने से आती है। अच्छी नींद के लिए बिस्तर पर जाने से पहले आभासी दुनिया से कट जाने में ही भलाई है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा : न्यू सरदार कॉलोनी में विदेशी शराब जब्त, एक गिरफ्तार



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के गुप्त सूचना पर गठित टास्क फोर्स ने न्यू सरदार कॉलोनी भुरकुंडा के एक घर में छापामारी कर अवैध विदेशी शराब जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर रामगढ़ न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि होली पर्व को लेकर न्यू सरदार कॉलोनी में अवैध विदेशी शराब एक घर से जमा कर बेचने के लिए रखा गया है। पतरातू एसडीपीओ विरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में गठित टास्क फोर्स ने सोमवार को न्यू सरदार कॉलोनी निवासी सत्यनारायण कहार के घर पर छापामारी किया। जहां से पुलिस ने स्टर्लिंग रिजर्व व्हिस्की बी सेवन 180 मिली का 30 पीस, मैकडोवल नंबर वन 180 मिली 37 पीस, रॉयल चैलेंज 180 मिली 14 पीस, ब्लॉक बूस्टर कैन बियर 500 मिली 10 पीस, किंगफिशर कैन बियर 500 मिली 40 पीस, किंग फिशर स्ट्रॉन्ग बीयर 650 मिली का 12 पीस, गॉड फादर बियर 650 मिली 12 पीस जब्त किया है। छापामारी दल में पुअनि निर्भय कुमार गुप्ता, पुअनि अविनाश कुमार, पुअनि कुणाल कुमार दलबल के साथ शामिल थे।

### अंबा प्रसाद ने सौंदा बस्ती में खेली होली




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** होली पर्व के पावन अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद में क्षेत्रवासियों के साथ होली मनाई। अंबा प्रसाद ने पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सौंदा बस्ती पहुंचकर लोगों को रंग-अबीर लगाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता सहित स्थानीय लोग मौजूद रहें। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को होली की बधाइयां दी। अंबा प्रसाद ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। हमसबों को सभी पर्व-त्योहार सौहार्द्रपूण वातवरण में भाईचारगी के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों को होली की बधाई देते हुए क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। मौके पर मुख्य रूप से कोयंलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित साव, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, प्रबीर चटर्जी, छोटू साव, चंदन साव, आदेश प्रसाद, पंचू प्रसाद, प्रमोद पांडेय, निरंजन प्रसाद, अरुण कुमार, सत्रुघन प्रसाद, सिकंदर कुमार, विशाल बाउरी, पवन बाउरी, रवि, सुरेश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### कुजू में धूमधाम से मनी होली



**कुजू।** कुजू व आस-पास के क्षेत्रों में होली धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र में दो दिन सोमवार व मंगलवार को होली मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया। वहीं युवकों की टोली डीजे की धुन पर जमकर थिरकते नजर आये। होली को लेकर कई स्थानों में मटकी फोड़ी गयी। होली के दिन सोमवार को क्षेत्र में जमकर मुर्गा-मीट की बिक्री हुई। खरीददारी को लेकर लोगों की जमकर भीड़ भी देखी गयी। वहीं रविवार की रात्रि में चौक-चौराहों पर होलिका दहन किया गया। होली को लेकर बच्चों के साथ बड़ों में भी उमंग था। होली की संध्या लोग अपने रिश्तेदारों के घर जाकर होली बधाई देते हुए लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। इधर कुजू पुलिस भी दिन भर चौक-चौराहों में मुस्तैद थी। क्षेत्र के कुजू, आरा, सारूबेड़ा, तोपा, ओरला, सांडी, दिगवार, करमा, रतवे, छोटकी डूंडी आदि स्थानों में जमकर होली खेली गयी।

### दुष्कर्म के आरोप में तीन गिरफ्तार



**रामगढ़।** भुली क्वार्टर अरगड्डा सिरका की रहने वाली एक महिला ने 27 मार्च को रामगढ़ थाना में आवेदन दिया था। जिसमें उनके द्वारा मुहल्ले के तीन लोगों पर 26 मार्च की रात्रि में उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ और बलात्कार करने का आरोप लगया। उनकी शिकायत पर रामगढ़ थाना कांड संख्या 81/24 दिनांक 27,03,2024 धारा 376 (डी)/354(बी)/504/506/366/363 भादवि एवं 6/8 पोस्को एक्ट दर्ज कर जांच आरंभ की गयी। यह जानकारी प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बुधवार को दी। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने कांड के आरोपियों की खोजबीन में छापेमारी आरंभ की। मामला दर्ज होने के 2 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, पीड़िता चिकित्सीय जांच एवं धारा 164 के तहत बयान दर्ज करवाने की कार्रवाई की जा रही है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि कांड के आरोपियों में डब्लू कुमार पिता कैलाश रविदास सा भुली क्वार्टर सिरका, दीपक भुईयां पिता खीरू भुईयां भुली क्वार्टर सिरका दोनो थाना और जिला रामगढ़, आकाश कुमार पिता महेंद्र रविदास सा बंगाली बिगहा, थाना चंदौली जिला गया बिहार का नाम शामिल है। छापेमारी दल में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, पुअनि संतोष कुमार, राजेश मुंडा, सअनि सुजीत कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह एवं शसस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल में धूमधाम से मनी होली

**एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगा एवं गले मिलकर दी पर्व की बधाई लजीज व्यंजनों का भी उठाया लुत्फ,**





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को धूमधाम से रंग व उमंगों का पर्व होली मनाया गया। हलांकि इस बार कहीं सोमवार को तो कहीं मंगलवार को होली का त्योहार मनाया गया। क्षेत्रवासी दोनों दिन रंगों के त्योहार में सराबोर रहें।

इसके पूर्व रविवार मध्य रात्रि पुरोहित द्वारा पुरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन कराया गया। होली के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को जमकर रंग-अबीर लगाया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिलकर होली पर्व की बधाई दी। इसके बाद लोग एक-दूसरे के घर जाकर विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद उठाये।

होली के अवसर पर कई जगहों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जहां मटका फोड़ने वाले को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान होली के गीतों पर लोग देर रात तक नाचते-गाते दिखें।

भुरकुंडा क्षेत्र के पटेलगनर, सुंदरनगर, जवाहरनगर, हुरूमगढ़ा, हॉस्पीटल कॉलोनी, रीवर साईड, सौन्दा डी, जयप्रकाश नगर, सौन्दा बस्ती, सेन्ट्रल सौन्दा, केके कोलियरी, बासल क्षेत्र के बलकुदरा, लबगा, रसदा, किन्नी, जराद, हरिहरपुर, नेतुआ, मेलानी व भदानीनगर क्षेत्र के लादी, चिकोर, मुहआ टोला, देवरिया, मतकमा, कुर्से, पाली, सांकी, निम्मी, सुद्दी आदि क्षेत्रों में शांतिपूर्ण व भाईचारगी माहौल में होली का पर्व संपन्न हुआ। विधि-व्यवस्था बनाये रखने में भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार दल-बल के साथ मुस्तैद रहे। होली के दौरान भुरकुंडा, भदानीनग व बासल की पुलिस सड़कों पर लगातार पेट्रोलिंग कर विधि-व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुटी थी।

# नाबालिग के साथ आप्रकृतिक यौनाचार, दो आरोपी गिरफ्तार

**25 मार्च के रात की घटना, 26 को थाने में दी जानकारी, पुलिस ने बुधवार को किया गिरफ्तार**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** बड़ा बाजार थाना पुलिस ने एक 14 वर्ष के नाबालिग को अगवा कर अप्राकृतिक यौनाचार के आरोप में दो युवकों की गिरफ्तारी की है। आरोपित सभी सदर थाना क्षेत्र के बुचड़ टोली निवासी है। घटना 25 मार्च की बतायी जा रही है। आरोपित छात्र को उसके गली से रात को उठाकर ले गए। इसके बाद जान मार देने की धमकी देकर मिशन रोड तालाब ले गए। रात भर उनके साथ अप्राकृतिक यौनाचार करते रहे। सुबह किसी को इसकी जानकारी नहीं देने की बात कहकर छोड़ दिया। किसी तरह घर पहुंचे नाबालिग की स्थिति गंभीर थी। रात में गायब होने को लेकर जब पूछताछ की गई तो उसने घटना की जानकारी दी। इसके बाद आनन फानन में पीड़ित के परिजनों ने इसकी सूचना थाना को दी और युवक को पुलिस के निर्देश पर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। नाबालिग की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल भी कराया है। 27 की सुबह पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सदर थाना क्षेत्र के बुचड़ टोली निवासी 35 वर्षीय दानिश कुरैशी पिता ओसीम कुरैशी तथा 32 वर्षीय अरबाज कुरैशी पिता अकबर कुरैशी है। थाना प्रभारी गुड्डू रजक ने बताया कि पीड़ित कुरैशी मोहल्ला से अपने घर जा रहा था। इस बीच आरोपितों ने उसे अपने पास बुलाया और मुंह दबाकर अपने मोटरसाइकिल पर बैठा लिए। इसके बाद उसे अपने साथ मिशन रोड तालाब ले गए। यह घटना करीब रात दस बजे की थी। सुबह 26 को इसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पीड़ित भी उसी क्षेत्र का रहने वाला है। घटना के बाद से परिजन भयांक्रात है। बताया जाता है कि दोनों आरोपित पूर्व से अपराधी किस्म के है।

### वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर, तीन शिक्षक हुए घायल

**दारु।** थाना क्षेत्र के जबरा मे बुधवार सुबह एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी को अपने चपेट मे ले लिया जिसमे सवार एक महिला शिक्षिका समेत दो अन्य शिक्षक घायल हो गये। तीनों का इलाज हजारीबाग के अस्पताल मे किया गया जहाँ सभी की स्थिति ठीक बताई जा रही है। अज्ञात वाहन हजारीबाग की तरफ जा रहा था जबकी स्कूटी मे सवार एक महिला समेत तीन लोग टाटीझरिया थाना क्षेत्र के चुरचू मे स्तिथ एक निजी विद्यालय मे पढ़ाने के लिए जा रहे थे तभी जबरा के पास लापरवाही से अज्ञात वाहन ने आकर स्कूटी मे जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में पेटो निवासी हेमंत कुमार, तालेश्वर पासवान ,रबीना कुमारी बुरी तरह से घायल हो गये जबकी स्कूटी पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के बाद पहुंचे लोगों की सहायता से सभी को इलाज के लिए पहले सदर अस्पताल फिर आरोग्यम अस्पताल मे भर्ती किया गया। तालेश्वर पासवान की छाती की हड्डी टूट गयी है, उनकी बेटी रबीना के माथे मे चोट आयी है। हेमंत के चेहरे और माथे पर गंभीर चोट है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया चुनावी शंखनाद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** बुधवार को हजारीबाग शहर के झंडा चौक के समीप स्थित हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के चुनाव कार्यालय सभागार में हजारीबाग भाजपा जिला कमिटी की ओर से बूथ सत्यापन समिति सह भाजपा के प्रमुख दायित्ववान कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें विशेषरूप से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, अनिल मिश्रा, के.पी. ओझा, हरीश श्रीवास्तव, उदयभान नारायण सिंह, गणेश यादव, बटेश्वर प्रसाद मेहता, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, हजारीबाग लोकसभा चुनाव संचालन समिति के संयोजक टुन्नु गोप, पूर्व जिला अध्यक्ष सह सदर विधानसभा संयोजक शंकरलाल गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, हजारीबाग के पूरे जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में प्रत्येक भाजपा मंडलों से 03 पंचायत का एक कलस्टर बनाया गया। जिसमें प्रति कलस्टर स्तर मंडल के पदाधिकारी, पंचायत के प्रभारी, पंचायत के संयोजक एवं जिला से नामित एक वरिष्ठ व्यक्ति का नाम शामिल होगा। ये सभी बूथ का सत्यापन का कार्य करेंगे। यह कार्य आगामी 01 अप्रैल से 05 अप्रैल तक पूरी की जाएगी। बैठक में विषय प्रवेश कराते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने किसी उत्साह और जुनून को कायम रखते हुए चुनावी मैदान में डटे रहने का आग्रह किया। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा किबूथ की मजबूती पर ध्यान फोकस करें और लाभार्थी से संपर्क तेज करें तभी हजारीबाग लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की एतिहासिक जीत होगी। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आगे की चुनावी रणनीति से उन्हें अवगत कराते हुए कहा की हमने टिकट घोषित होने के दूसरे दिन से ही तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और करीब हुए लोकसभा क्षेत्र का एक चक्कर प्रमुख स्थलों का सघन दौरा कर लिया। अब लोकसभा क्षेत्र के हरेक मंडलों में एक मंडल प्रत्याशी एक दिन कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। उन्होंने बताया कि 01 मई को हम नामांकन करेंगे और 6 मई से 18 मई को चुनाव प्रचार थमने के समय तक सघन चुनाव प्रचार अभियान चलेगा।

### गोला में दो युवकों की हत्या

**गोला।** 25 मार्च को दो अलग अलग गांवों में दो युवकों की हत्या कर दी गई। सबसे अहम बात है कि इन दोनों हत्याओं में जान पहचान के लोग शामिल हैं। वहीं हत्या के पीछे कोई बड़ा कारण भी दिखाई नहीं दे रहा है। पहला मामला रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग पर गोला मठवाटांड़ स्थित वनांचल कोनकास्ट प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में सामने आई है। जहां एक साथ काम करने वाले मजदूर ने एक की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी। थाना क्षेत्र में दो अलग अलग जगहों पर हुई दो हत्याओं से कुछ परिवारों में होली की खुशी मातम में बदल गई। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान चतरा जिले के प्रतापपुर थाने की जुड़ी गांव निवासी बिपत भारती पिता नंदू भारती 24 वर्ष के रूप में की गई है। दूसरा मामला भी 25 मार्च की है। हेसापोड़ा पंचायत के कोराम्बे निवासी शंकर महतो का 13 वर्षीय एकलौता पुत्र रवि कुमार ग्यारह बजे दिन से लापता हो गया। काफी तलाश के बाद उसका सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने गांव के ही सुरज महतो पिता सुलेंद्र महतो 22 वर्ष पर संदेह जताते हुए थाना में शिकायत दर्ज कराया। पुलिस ने सुरज को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू की।

# रामगढ़ : माल गोदाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कराओके म्यूजिकल ग्रुप कलाकारों ने किया मनोरंजन**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रांची रोड माल गोदाम सेंवटा के निकट मंगलवार शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एस आर कराओके म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा मनमोहक भजनों व गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में समाजसेवी अमित सिन्हा शामिल हुए। म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा बूके देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कलाकारा निशा सिंह द्वारा प्रस्तुत भजन राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी,मीठे मीठे फल का भोग लगाउंगी के साथ संगीत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात पुनः निशा सिंह ने राधा कृष्ण भजन श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी,हे नाथ नारायण वासुदेवा की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद म्यूजिकल ग्रुप के प्रमुख रंजन राज द्वारा मां शेरावाली आजा मेहरो वाली, तूझे कबसे पुकारे तेरा लाल की सुमधुर प्रस्तुति दी। उनके सुरीली आवाज ने मौजूद हर एक का मन मोह लिया।कुछ क्षण के लिए लोगों को ऐसा लगा मानो वो संगीत की दुनिया में पहुंच गए हैं। रंजन राज एवं पिंकी राय द्वारा फिल्म नदिया पार के गीत योगी जी वाह योगी जी, योगिनियां ढूंढ के ला दो, हमें मिला दो तथा कौन दिशा में ले के चला रे बटोहिया की प्रस्तुति ने मौजूद लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। कलाकार सुनील राज और पिंकी राय द्वारा प्रस्तुत होली गीत रमल दो गुलाल मोहे, आई होली आई रे ने भी दर्शकों की खुब तालियां बटोरी। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मौजूद लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के अंत में अमित सिन्हा ने अपने संबोधन में कलाकारों के कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि एस आर कराओके म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने जिस प्रकार से अपने संगीत व गायन कला की प्रस्तुति दी, वास्तव में काबिले तारीफ है। सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गायन कला की प्रस्तुति दी। कुछ समय के लिए हमें तो ऐसा लगा मानों हम किसी संगीत के सुप्रसिद्ध कलाकारों की दुनिया में पहुंच गए हैं। कार्यक्रम में उदघोषक संतोष सिंह सहित महिला कांग्रेस अध्यक्षा मंजू जोशी, विनोद साव, शैलेन्द्र ठाकुर, आनंद प्रताप सिंह, अरूण सिंह, नवनीत कुमार,कुमार विशु, मणिकांत तिवारी, विजय तिवारी, संतोष खरवार, संजय राय,शालू, निशा, भारती, रानी, ममता, मीतू,बूची सहित अनेक महिला पुरुष व बच्चे मौजूद थे।

## एक नजर में

### टाटीझरिया में हर्षोल्लास के साथ मनी होली



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया में मंगलवार को रंग, गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर रहे थे। हर समाज व उम्र के लोग मस्ती की रंग में रंग गए। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया। प्रेम व भाईचारे के साथ होली खेली व शुभकामनाएं दी। युवाओं की टोली जगह-जगह डीजे बजाकर शाम तक नाचते-झूमते देखे गए। टाटीझरिया क्षेत्र के डुमर, धरमपुर, जेरूवाडिह, कोल्हू, बेड़म, होलंग, बेरहो, डहरभंगा, भराजो, खैरा, गोधिया, अमनारी, खंभवा, मंडपा, नारायणपुर सहित अन्य जगहों पर होली की धूम थी झरपो देवी मंडप चौक पास रंगो से भरा मटका फोड़ का आयोजन किया गया बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे। पूरे क्षेत्र में होली का पर्व शांति पूर्ण महौल मे मनाई गई। प्रशासन की मुस्तैदी से कही भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी टाटीझरिया थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने दल बल के साथ क्षेत्र में मुस्तैद दिखे क्षेत्र के गांवों में होली की उमंग रविवार से ही दिखने लगा था। रविवार की शाम होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे प्रखंड वासियों को प्रमुख संतोष मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद ,उपप्रमुख रवि वर्नवाल ,पंचायत मुखिया और जन प्रतिनिधि ने होली की शुभकामनाएं दी।

### अवैध कब्जा के खिलाफ ग्रामीणों ने दिया आवेदन




**दारू।** दारू प्रखंड अंतर्गत पंचायत दिग्वार के रचंगा निवासी ग्रामीणों ने सार्वजनिक तालाब एवं गैररमजुरवा खास जमीन पर अवैध कब्जा के खिलाफ ग्रामीणों ने आंचल अधिकारी व दारू थाना प्रभारी सफीक खान को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। राचंगा के ग्रामीणों ने सैकड़ो की संख्या में प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर अपनी बात रखी व बताया की ग्राम रचंगा के पुलवा आहार जिसका खाता नंबर 28, प्लाट नंबर 236, 237, 238 जिसकी जमीन कि किस्म परती कदीम एवं अहरी है। इस आहार में कई बार सरकारी योजनाओं एवं विधायक मद से गहरी करण का कार्य किया गया है। यह तालाब वर्षों से सार्वजनिक था लेकिन विधायक प्रतिनिधि इंद्रदेव सिंह ने इस पर अवैध कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों ने कुल 6 लोगों के खिलाफ आवेदन दिया है जिसमें इंद्रदेव सिंह , दिना सिंह , परमानंद सिंह तीनो पिता चंद्रिका सिंह, गौतम सिंह पिता स्वर्गीय लखन सिंह, अभिषेक सिंह पिता दिना सिंह, विश्वजीत सिंह पिता इंद्रदेव सिंह शामिल है। इन सबों पर यह भी आरोप लगाया गया। इनके खिलाफ आवेदन देने वालो में कौलेश्वर यादव, होरिल राम, शंकर यादव, प्रमोद सिंह, रामचंद्र यादव, सूरज कुमार सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

### सबजोनल कमांडर समेत 5 उग्रवादी गिरफ्तार



हजारीबाग। बड़कागांव से पुलिस ने जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर राजेश समेत 5 उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। ये लोग गिरोह बनाकर टीपीसी के नाम पर लोगों से लेवी वसूलने का काम करते थे। इस मामले पर हजारीबाग एसपी ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। बताया कि झारखंड जनमुक्ति परिषद के ये उग्रवादी एक अन्य उग्रवादी संगठन टीपीसी के नाम पर लेवी मांग रहे थे। इनके पास से हथियार और कारतूस बरामद किये गये हैं। पुलिस ने बताया कि इनके खिलाफ चतरा, हजारीबाग और रामगढ जिले में 13 से अधिक मामले दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर उन्होने एक विशेष टीम का गठन किया और उन्हें जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर राजेश गंझू उर्फ बंधन और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी की जिम्मेवारी सौंपी। टीम ने तत्परता दिखाते हुए राजेश गंझू समेत पांच उग्रवादियों को हथियार और कारतूस के साथ पकड़ लिया। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि उग्रवादी संगठन टीपीसी के धर्मवीर के नाम से इन क्षेत्रों में इनलोगों के द्वारा लेवी की मांग की जा रही थी। बताया कि राजेश ने जेजेएमपी छोड़ एक अलग अपराधिक गिरोह बनाया था। वह अपने गुर्गो की मदद से ठेकेदारो, दुकानदारों, होटल संचालक,बस मालिकों से लेवी की मांग करवाता था। लाल कंपनी के कई वाहनों को जलाने का प्रयास भी इसी के इशारे पर किया गया था। पुलिस ने इन उग्रपादियों के पास से एक देसी कट्टा, 303बोर राइफल के 7 कारतूस, कई पर्चे, मोबाइल सहित अन्य सामग्री बरामद की है।

### चरही में झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक

**चरही।** 4 अप्रैल को हजारीबाग मटवारी के गांधी मैदान में झारखंड स्थापना दिवस मनाने को लेकर झामुमो के केंद्रीय समिति की बैठक बुधवार को चरही स्थित ओवर ब्रिज स्थित झामुमो कार्यालय में बैठक किया गया। जिसके मुख्य अतिथि झामुमो जिला संयोजक मंडली के संजीव कुमार बेदिया,नीलकंठ महत्तो और केंद्रीय समिति के सदस्य रामकिशोर मुर्मू थे।जिसकी अध्यक्षता चुरचू प्रखंड अध्यक्ष दीपनारायण महतो और संचालन आनंद मरांडी ने किया। सभी कार्यकताओं ने मुख्य और विशिष्ट अतिथियों को गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। बैठक में कहा गया कि इस बार झारखंड स्थापन दिवस धूमधाम के साथ गांधी मैदान मटवारी में मनाया जाएगा।संजीव बेदिया ने कहा ही झारखंड में एनडीए को आगामी चुनाव में झारखंड से मुहं को खानी पड़ेगी। नीलकंठ महतो ने कहा कि जंगल,जल,जमीन के बारे में केंद्र सरकार कभी सोचने की काम नहीं किया। बैठक में जिला संयोजक मंडली के जिला संयोजक सदस्य बेदिया संजीव,नीलकंठ महतो ,रविंद्र कुमार केंद्रीय अध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू ,प्रखंड सचिव आनंद मरांडी, प्रखंड कोषाध्यक्ष मजफरुल अंसारी,चुरचू प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो चुरचू प्रखंड प्रवक्ता वारिस अंसारी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी राम मांझी दिनेश्वर रविदास, कुर्बान अंसारी ,तामीर अंसारी,बोबीह करीम, दिलेश्वर महतो,बिखन महतो,जसो देवी, महालाल हंसदा,जरबा पंचायत अध्यक्ष सुखदेव महतो सचिव अनिल महतो साथ ही आठो पंचायत के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष सहित झामुमो के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बेकाबू बाइक हुई दुर्घटनाग्रस्त, भतीजे की मौत, चाचा की स्थिति चिंताजनक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** सोमवार की देर शाम चंदवा में बेकाबू रफ्तार का कर देखने को मिला, जहां एन एच 75 रांची मेदिनी नगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के सासंग हाई स्कूल के समीप एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

इस दुर्घटना में बाइक सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने अखिलेश भुईयां पिता बुटन भुईयां को मृत घोषित कर दिया।

वहीं मृतक अखिलेश भुईयां के चाचा दिलीप भुईयां (दोनो सासंग) की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संबंध में दिलीप की पत्नी गीता देवी व अखिलेश की बहन आरती देवी ने बताया कि दोनों चाचा-भतीजा सोमवार की देर शाम दोस्त से मिलने जाने की बात कह पत्नी से जबरन बाइक की चाभी ले लिया। कुछ देर बाद उन्हें सूचना मिली कि दोनों का एक्सीडेंट हो गया है।

इसके बाद परिजन दौड़े भागे घटनास्थल पहुंचे और दोनों को अस्पताल पहुंचाया। इधर मंगलवार को मृतक अखिलेश के शव को अंतः परीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया।

जिसके बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, खुशी का त्योहार होली गम में बदल गया है।


घायल को अस्पताल पहुंचाते ग्रामीण

### लगभग आधे घंटे तक नहीं खुली रेलवे फाटक

## जाम में फंसे रहे एंबुलेंस समेत सैकड़ों वाहन, लोग रहे परेशान


एक छोर का फाटक टुटने के बाद जाम में फंसे वाहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पूर्वी केबिन स्थित रेलवे समपार फाटक के उत्तरी छोर का बैरियर पाइप बुधवार की दोपहर लगभग आधे घंटे तक तकनीकी खराबी के कारण नही खुल पाया। बैरियर पाइप के नहीं खुलने के कारण एनएच 99 रांची चतरा मुख्य मार्ग पर फाटक के दोनों छोर पर छोटे-बड़े वाहनों की भारी जाम लग गई। जाम में यात्री बस, एंबुलेंस समेत कई जरूरी वाहन भी फस गए, जिस कारण लोग काफी परेशान देखे गए। वही वेरीकेटिंग पाइप में आए तकनिकी खराबी के कारण लगे जाम में फांसी एक एनआरआई युवती ने जमकर रोज प्रकट किया। इधर सूचना के बाद टोरी रेल कर्मियों की टेक्निकल टीम मौके पर पहुंची व काफी मशक्कत के बाद वेरिकेटिंग पाइप में तकनीकी खराबी को ठीक किया, जिसके बाद आवागमन को सामान्य हुआ। रेल कर्मियों ने बताया कि वेरीकेटिंग पाइप के लॉकिंग सिस्टम में तकनीकी खराबी आई थी। जिस कारण उक्त प्रावधान उत्पन्न हुआ था।

### एक नजर में

## जीवन हॉस्पिटल में हुआ दावत-ए- इफ्तार पार्टी का आयोजन


इफ्तार पार्टी में मौजूद लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** माह-ए-रमजान का आधे से ज्यादा रोजा पूरा हो चुका है। वहीं रोजा इफ्तार का सिलसिला भी रफ्तार पकड़ने लगा है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत राजेंद्र कॉम्प्लेक्स में संचालित जीवन हॉस्पिटल के प्रबंधक आलोक सिंह और बिपिन कुमार के द्वारा अस्पताल परिसर में दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सैकड़ों की संख्या में रोजेदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शरीक हुए। इफ्तार पार्टी में सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर दोनों समुदाय के लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया। जामा मस्जिद में दी गई मगरीब नमाज की अजान सुनकर कतार में बैठे सभी लोगों ने रोजा इफ्तार किया। इसके पूर्व इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी लोगों ने मुल्क की शांति, सौहार्द, अमन, चैन एवं भाईचारा का माहौल कायम होने की दुआ मांगी। मौके पर मौजूद हाफिज कुदुरतुल्लाह ने कहा कि रमजान का महीना जहां ईश्वर से संबंध मजबूत करता है। वहीं सामूहिक इफ्तार समाज से आपसी संबंध मजबूत करता हैं, और पूरे समाज में सकारात्मक मूल्यों की वृद्धि की करता है। इफ्तार पार्टी में व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज, हाफिज कुदुरतुल्लाह, डॉ.मंसूर आलम, अहमद रजा, मो.इस्माइल, गुलाम सरवर, मो.रहमान, सजमीर खान, सदर जुनैद आलम, सचिव इम्तियाज अहमद, मो.हामिद, मो.आलम, मो.साविर और परवेज आलम समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## होली के दिन हुए सड़क दुर्घटना में छः घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में होली के दिन हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली दुर्घटना में कार्तिक उरांव 19 वर्ष पिता राजेश उराँव, छोटू उराँव 20 वर्ष पिता सुखदेव उराँव, रंजीत उरांव पिता सुखदेव उरांव, बालेन्द्र उरांव 29 वर्ष पिता रामेश्वर उरांव, श्याम उराँव 17 वर्ष पिता रामेश्वर उरांव सभी ग्राम खैराही, बालू थाना बालूमाथ निवासी उक्त पांचो एक मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने रिश्तेदार के घर इटके थाना बारियातु से होली खेल कर वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान बरनी ग्राम के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के मदद से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# विधायक बैद्यनाथ राम ने जमकर खेली होली

### एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर दी बधाई


अपने समर्थको के साथ विधायक बैद्यनाथ राम


होली की मस्ती में युवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धुम-धाम के साथ होली का पर्व मनाया गया। विधायक बैद्यनाथ राम ने अपने समर्थकों के साथ जमकर होली खेली। मंगलवार को सुबह से ही शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होली का त्योहार धुमधाम से मनाया गया। बता दें कि गाँव और मुहल्ले में बुरा न मानो होली है की गूंज सुनाई देती रही। सभी लोग टोलियां बनाकर सड़कों पर रंग लेकर एक दूसरे को रंग लगाते नजर आये हैं। इसके साथ ही डीजे की धुनों और तेज संगीत पर नाचते लोग अपने तरीके से ही होली का जश्न मनाते नजर आए। होली पर क्या बच्चे और जवान सभी एक ही रंग में रंगे हुए नजर आ रहे थे।

वहीं एक बजे तक लोगों ने रंगो का होली खेला एवं शाम होते ही तैयार होकर अबीर व गुलाल की होली खेलने अपने घरों से निकल पड़े। एक दूसरे के घर जाकर भाईचारे के प्रतीक होली पर गिले-शिकवे भूलाकर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी और बड़े बुजुर्गो का आर्शीवाद भी प्राप्त किया। होली को लेकर सुबह से ही लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। डीजे की धुन व होली गीतों पर जमकर लोगों ने थिरका। शहर एवं गांव में जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों में लोगों की खासी भीड़ जुटी रही। मौके पर विशाल कुमार, अंकित पांडेय, सुदामा प्रसाद वहीं युवा वर्ग में छोटू कुमार, दशरथ प्रसाद, मुरारी प्रसाद, बिक्की कुमार, उत्तम कुमार, सुजित कुमार, विजय सिंह, शंकर प्रसाद, सचिन कुमार, शुभम कुमार, सुबई दे, हर्ष कुमार, अंगद कुमार, दिवाकर कुमार, अंकित कुमार, सुजल कुमार, मोहित कुमार, रोहित कुमार, समेत कई लोगों ने जमकर होली खेली।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह- मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर राजा मेदिनिराय इंटर कॉलेज के समीप दो मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना हड़पडवा के समीप हुई। जहां अज्ञात स्कॉर्पियो वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं तीसरी घटना बेतला छिपादोहर मार्ग के टिकुलिया पत्थर के पास कार की आमने सामने टक्कर हो गई। वही चौथी घटना देवरी नदी के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक गम्भीर रूप घायल हो गया जिसका प्राथमिक उपचार स्वास्थ्य केंद्र में किये जाने के बाद घर जाने की सलाह दी गई। सभी घायलों के इलाज में ड्रेस राजेश चंद्र सिन्हा का अहम योगदान रहा।

## चंदवा में हर्षोल्लास के साथ मनी होली, रंग-गुलाल की मस्ती में सराबोर रहे लोग


होली की मस्ती में सराबोर युवाओं की टोली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रेम, भाईचारगी, उमंग व रंगो का त्योहार होली चंदवा शहर समेत ग्रामीण इलाको में मंगलवार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। बच्चे, युवा व बुजुर्गो सभी वर्ग के लोगो ने एक दुसरे को रंग व अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सुबह से हीं बच्चों व युवाओं की टोली रंगों में सराबोर नजर आयें व जमकर मशती करते देखो गये। संध्या बेला में नये वस्त्र धारण कर लोग एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर बड़ो व अभिभावको का आशीर्वाद लिया वहीं छोटो को शुभकामनाएं दिये। इसके पूर्व रविवार की देर रात्रि विधि-विधान के साथ होलिका दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके बाद सोमवार की दोपहर तक पूर्णिमा होने के कारण लोग सोमवार को होली खेलने से गुरेज करते दिखे, वहीं मंगलवार को लोगो ने जमकर होली खेला व एक दुसरे के को रंग गुलाल लगाकर के शुभकामनाएं भी दी। इधर अलौदिया में युवाओं के द्वारा डीजे के साथ वहीं अभिभावको ने ढोलक झाल व तासे के साथ झुमटा निकाली जहां लोगो ने खुब मस्ती की। वहीं शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में प्रशासन की टीम लगातार गश्त करती देखी गयी। छूट फुट घटनाओं को छोड़कर दिया जाए तो होली शांति पूर्ण रही।

# रंगों का पर्व होली शान्ति पूर्ण सम्पन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड में एक बार फिर आपसी एकता और भाईचारे के साथ रंगों का पर्व होली पुरे हर्षोल्लास के साथ सम्पन हो गया। जहां होली के पर्व में जात धर्म के बंधन को भूल के सभी लोगो ने होली का पर्व मनाया। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी बुधवार को स्थानीय शास्त्री चौक मे हिन्दू महासभा एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता के विजेता को हिन्दू महासभा की ओर से पुरूस्कार मे प्रोत्साहन स्वरूप खस्सी पुरस्कार में दिया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता मे ग्राम नगर प्रतापपुर, जरहाटोली, दौना दुरूप, पुटरूंगी, उदालखाँड, रिगड़ीटांड, चुटीया, ओरसा, काठो, मेढरूआ, बेलवार एवं महुआडांड ग्राम के युवकों ने भाग लिया। मटका फोड़ प्रतियोगिता का विजेता ग्राम पुटरूंगी के युवा लड़कों का टीम रहा। जिसे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप अध्यक्ष पूनम देवी, लातेहार भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह विशिष्ट अतिथी के रूप में उपस्थित जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह उपप्रमुख अभय मिंज, मुकेश पांडेय, बिष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, रामदेव सिंह, अजीत पाल कुजूर, मनीना कुजूर के द्वारा पुरूषकार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता मे शामिल होने वाले प्रतिभागीयों एवं बेस्ट डांस करने वाले को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल के विभाग के सह संयोजक सुरज साहु, उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद आदि हिंदू महासभा के पदाधिकारी एवं बजरंग दल के कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा।


मटका फोड़ते युवा

## रोजा इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मौलाना आजाद एकेडमी में नौजवान कमेटी गालिब कॉलोनी के द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ। जहां मुस्लिम समाज के 500 से अधिक लोगों ने सामूहिक रूप से एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार में हिस्सा लिया। इस दौरान मौलाना माज द्वारा रोजा खोलने से पूर्व भारत देश मे अमन एवं शांति के लिए दुआ मांगी। वहीं आगे कहा की रोजेदारों को इफ्तार कराना बहुत ही नेक काम है। सामूहिक इफ्तार से आपसी प्रेम बढ़ता है। गरीब व अमीर बिना भेदभाव एक-दूसरे के साथ रोजा खोलते हैं। मौके पर मो. शहबाज, मो. सरफराज, मुद्दसिर आलम, मो.सद्दाम अली, सद्दाम अंसारी, जफर मुमताज समेत कई नौजवान उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया रंगों का त्यौहार होली


गुलाल लगाकर बधाई देते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड में मंगलवार को हर्षोउल्लास व धूमधाम के साथ रंगों का त्यौहार होली मनाया गया। सुबह से ही कई टोलियों के झुंड में निकलकर एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं दोपहर बाद लोग नए-नए कपड़े पहनकर एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बेसिक स्कूल, गिरेवाताड़, टमटमटोला समेत कई स्थानों पर डीजे के साउंड पर लोग जमकर थिरकते नजर आए।

## हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ रंगोत्सव होली का पर्व


होली खेलते युवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखण्ड मुख्यालय सहित पुरे प्रखण्ड क्षेत्र मे आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ रंगोंत्सव का त्यौहार होली शांतिपूर्ण तरीके से मंगलवार को सपन्न हुआ। होली के त्यौहार को लेकर नवयुवक, बच्चें, बुजुर्ग एवं महिलाए के अंदर उत्साह का माहौल देखा गया। वही सुबह से लेकर शाम तक रंग अबीर व गुलाल का होली खेलने का काम किया गया। एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर गले से गले मिले। इस अवसर पर कई जगहों मे सास्कृति कार्यक्रम, साउंड एवं आदिवासी समुदाय ने अपने परम्पगत तरीके से ढोल नगाड़े के थाप मे बच्चें बुजुर्ग, नवयुवक, एवं महिलाओ ने खूब रंग अबीर लगाकर खूब थिरके। इसके पूर्व प्रखण्ड के पुरे क्षेत्रों मे विधि विधान के साथ जगह -जगह मे होलिका दहन किया गया तो कहीं सेमर के डाल से फगुआ काटा गया। इधर शिबला, गोनिया, बारियातु, डाढ़ा, फूलसु, अमरवाडीह, साल्वे, टोंटी, बालूभाँग इन नौ पंचायतो मे होली का पर्व को लेकर लोगों ने एक दूसरे को गीले शिकवे भूलकर जमकर होली खेली। इधर शिबला पंचायत के मकरा गावं मे बिजूली भुइयाँ के देख रेख मे बैंड बाजे के साथ उत्साह पूर्वक के होली का आनंद लिया। जुलुस को सफल बनाने मे पुरण राम, कौलेशवर राम, उमेश राम, सकेंद्र राम, कार्तिक कुमार, सुनील कुमार, छोटू कुमार, अशोक भुइयाँ, पंकज कुमार, सुरेन्द्र कुमार, विकास कुमार, रमेश राम ने अहम भूमिका निभाया तथा इसके साथ शांतिपूर्ण वातावरण मे होली पर्व संपन्न हुआ।

### पहली बार चंदवा पहुंचे कालीचरण सिंह का हुआ भव्य स्वागत

## सर्वांगीण विकास होगी मेरी प्राथमिकता: कालीचरण सिंह


भाजपा कार्यकताओं के साथ कालीचरण सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा से उम्मीदवार घोषित होने के बाद कालीचरण सिंह सोमवार की शाम चंदवा पहुंचे। जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में भाजपाइयों ने उनका जोरदार तरीके से गर्म जोश के साथ स्वागत किया। चंदवा पहुंचने के बाद सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष ने अंग वस्त्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया तत्पश्चात कालीचरण सिंह व भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर कार्यकताओं को आभार व्यक्त करते हुए कालीचरण सिंह ने कहा कि आप सभी के संघर्ष के बल पर ही आज मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को भाजपा ने चतरा संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। आप सभी कार्यकर्ता और चतरा संसदीय क्षेत्र के सम्मानित जनता के आशीर्वाद से ही चतरा का सांसद बनूंगा और जनता के हर समस्या का निदान निकालते हुए सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करूंगा।

# स्वीप कोषांग के तहत किए जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वीप कोषांग के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि स्वीप कैलेंडर के तहत आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जिसमे लोगों को वोट के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न संस्थानों के साथ मिल कर मैराथन, हस्ताक्षर अभियान, सोशल मीडिया कैंपेन, प्रभात फेरी, जिंगल, कॉन्सर्ट, प्रतियोगिता आदि कराया जाएगा। साथ ही इस कार्य मे जिला प्रशासन सभी सरकारी, गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर सभी क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा सके। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु उप विकास आयुक्त ने सभी संस्थान से आए प्रतिनिधियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यूनिक, इनोवेटिव कार्ययोजना बनाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित करते हुए आमजनों को मताधिकार के महत्व को बताएं। बैठक में सभी सरकारी, गैर सरकारी संगठनों में बूथ अवेयरनेस ग्रुप गठित करने और अपने-अपने स्तर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, राजीव रंजन, श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम, माइनिंग कंपनियों के प्रतिनिधि, पोस्ट ऑफिस के प्रतिनिधि, रेलवे के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।


बैठक करते डीडीसी

## उपायुक्त ने मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**लातेहार।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के निमित्त ईवीएम-भीभीपीओटी के कमिशनिंग हेतु स्थल चयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा बुधवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, लातेहार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा कॉलेज में स्थित कमरों, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी उपकरण आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों से उन्होंने कहा कि ईवीएम कमिशनिंग निर्वाचन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि ईवीएम कमिशनिंग में सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी संबंधित सतर्कता बरतते हुए पूरी गंभीरता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे।

स्पीड न्यूज

## ट्रक और बाइक की टक्कर में दो की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा–गोदरमाना एनएच 343 पर पचपड़वा गांव के समीप ट्रक और मोटरसाइकिल के टक्कर में दो युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान रेहला थाना क्षेत्र के सेवरा गांव निवासी 25 वर्षीय सोनू कुमार राम और उसका मौसेरा भाई चैनपुर के असना गांव निवासी खड़कु भुइया के पुत्र सुनील कुमार 24 वर्ष के रूप मे हुई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दोनों भाई एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से गढ़वा थाना क्षेत्र के भदुमा गांव में अपने ससुराल आया हुआ था। ससुराल आने के बाद दोनों मोटरसाइकिल से पचपड़वा घूमने गए थे। इसी बीच सामने से आ रहा हाईवा और मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक को भी जप्त कर लिया गया। ससुराल वालों ने बताया कि इसी वर्ष सोनू का शादी हुआ था। शादी के बाद पहली बार ससुराल भदुमा अपने मोसेरा भाई के साथ आए हुए थे।

## रोजगार सेवक को प्रभार दिलाने की मांग

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी ने उप विकास आयुक्त को पत्र लिख कर रोजगार सेवक को प्रभार दिलाने की मांग की है। दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि भवनाथपुर प्रखण्ड में सभी रोजगार सेवक अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में एक ही स्थान पर करीब पांच साल से कार्यरत है, जिससे सभी रोजगार सेवक के द्वारा बिरसा सिंचाई, कुप निर्माण, वृक्षारोपण, तालाब भेड़बंधी वगैरा का प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने के नाम पर काफी पैसा उगाही करने का ग्रामीण जनता के द्वारा हमेशा शिकायत प्राप्त होती रहती है। इस संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी भवनाथपुर को आवेदन देकर सभी रोजगार सेवक को तत्काल प्रभार से पंचायतवार स्थानतरंण करने की आवेदन दिया गया था, आवेदन के आलोक में पत्रांक 227 दिनांक 9-03-2024 को कार्रवाई करते हुए, भवनाथपुर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी रोजगार सेवक को स्थानांतरण करते हुए, दो दिनों के अन्दर सभी रोजगार सेवक को अपने पंचायत क्षेत्र में प्रभार देने की आदेश दिया गया था, लेकिन अभी तक रोजगार सेवक के द्वारा अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में प्रभार नहीं लिया गया है।

## भाजपा प्रत्याशी बागेश्वरी माता मंदिर में की पूजा-अर्चना

**गिद्धौर।** चतरा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने होली के अवसर पर बलबल बागेश्वरी माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। पूजा के बाद उन्होंने कहा कि जनता का प्यार मिला तो चतरा की राजनीति का माहौल बदल देंगे। उनका मोबाइल नंबर जनता के लिए 24 घंटे खुला रहेगा। उन्होंने चतरा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ने का वादा किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, ओबीसी मोर्चा के हजारीबाग प्रभारी बिंदेश्वरी यादव, पूर्व मुखिया जवाहर यादव, प्रणेश गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, प्रेमचंद यादव, उपेंद्र साव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अवैध शराब के विरूद्ध चला संयुक्त छापामारी अभियान

**सतगावां (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में पुअनि विजय गुप्ता थाना प्रभारी सतगावां के नेतृत्व में मंगलवार को सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटैया के जंगल में अवैध शराब के विरूद्ध उत्पाद थाना नवादा बिहार, उत्पाद विभाग कोडरमा एवं सतगावां थाना द्वारा संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 150 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। इस संदर्भ में उत्पाद विभाग कोडरमा के द्वारा अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी विजय गुप्ता व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बिहार से राजग ने आठ सांसद को किया बेटिकट, चार नये प्रत्याशी पर लगाया दांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने आगामी लोकसभा चुनाव में आठ सांसदों को बेटिकट कर दिया वहीं चार नये प्रत्याशी पर दांव लगाया है। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राजग के प्रमुख घटक दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सभी 17 उम्मीदवार और जनता दल यूनाईटेड (जदयू) ने अपने सभी 16 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। भाजपा ने इस बार के चुनाव में चार सांसदों का टिकट काट दिया है। भाजपा ने बक्सर से केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, मुजफ्फरपुर से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय जय नारायण प्रसाद निषाद के पुत्र अजय निषाद, सासाराम (सु) से छेदी पासवान और शिवहर से रमा देवी को बेटिकट कर दिया है। राजग में सीटो के तालमेल के तहत इस बार के चुनाव में भाजपा की जीती हुई शिवहर सीट जदयू को दे दी गयी है। भाजपा ने बक्सर से गोपालगंज के बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी और सासाराम (सु) सीट से भोजपुर के अगियांव (सु) से पूर्व विधायक शिवेश राम को चुनावी रणभूमि में उतारा है। शिवेश राम पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पूर्व सांसद दिवंगत मुनि लाल के पुत्र हैं। मुनि लाल ने सासाराम सीट पर वर्ष 1996 में पहली बार भाजपा का 'कमल' खिलाया था। इसके बाद मुनि लाल वर्ष 1998 और वर्ष 1999 में भी भाजपा के टिकट पर सासाराम सीट पर विजयी बनें। मिथिलेश तिवारी और शिवेश राम पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने मुजफ्फरपुर से राजभूषण चौधरी निषाद को उम्मीदवार बनाया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राजभूषण चौधरी निषाद भाजपा प्रत्याशी अजय निषाद के प्रतिद्वंद्वी के रूप में मुकेश सहनी की पार्टी विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के उम्मीदवार थे, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं जदयू ने भी इस बार के चुनाव में चार सासंदों को बेटिकट कर दिया है। जदयू ने सीवान से कविता सिंह, सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिंटू, काराकाट से महाबली सिंह और गया (सु) से विजय कुमार मांझी का टिकट काट दिया है। जदयू ने सीतामढ़ी से बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को चुनावी दंगल में उतारा है। वहीं, सीवान संसदीय सीट से जीरादेई के पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा की पत्नी विजया लक्ष्मी देवी को उम्मीदवार बनाया है। देवेश चंद्र ठाकुर और विजया लक्ष्मी देवी पहली बार लोकसभा के चुनावी रण में अपना भाग्य आजमा रही हैं। राजग के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल में गया (सु) सीट इस बार पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को दे दी गई है । इसी तरह जदयू के खाते वाली काराकाट सीट इस बार उपेन्द्र कुश्वाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के हिस्से में गई है। संभावना जतायी जा रही है कि गया (सु) से जीतन राम मांझी और काराकाट सीट से उपेन्द्र कुश्वाहा इस बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। दिलचस्प बात है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में गया (सु) सीट से हम प्रत्याशी जीतन राम मांझी को जदयू उम्मीदवार विजय कुमार मांझी और काराकाट सीट से राष्ट्रीय लोक समता पार्टी प्रत्याशी उपेन्द्र कुश्वाहा को जदयू उम्मीदवार महाबली सिंह से हार का सामना करना पड़ा था। शिवहर सीट से जदयू के टिकट पर पूर्व सांसद लवली आनंद चुनावी रणभूमि मे उतरी हैं। लवली आनंद पूर्व सांसद और बाहुबली नेता आनंद मोहन की पत्नी हैं। गौरतलब है कि बिहार में लोकसभा की 40 सीटों पर राजग की ओर से भाजपा 17, जदयू 16, चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-रामविलास) 05 उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी (आरएलएम) और जीतनराम मांझी की पार्टी (हम) एक-एक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी।

## बीमा भारती के पोस्ट ने बिहार में बढ़ी सियासी हलचल

**पटना।** पूर्णिया लोकसभा सीट को लेकर महागठबंधन आर पार की स्थिति बन गयी है। कांग्रेस इस सीट पर अपना दावा कर रही है वहीं आरजेडी इस सीट पर अपना दावा कर रही है.आरजेडी ने इस सीट पर बीमा भारती को अपना प्रत्याशी बनाना चाहती है, जबकि कांग्रेस पप्पू यादव को इस सीट पर अपना प्रत्याशी बनाना चाह रही है। इस बीच बीमा भारती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बिहार में सियासी हलचलें बढ़ा दी है।

**बीमा भारती के पोस्ट से बढ़ी सियासी हलचल :** जदयू से राजद गयीं विधायक बीमा भारती ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में बीमा भारती लालू यादव के साथ दिख रही हैं, उनके हाथ में एक लिफाफा भी है। इसे राजदकी ओर से दिया सिंबल कहा जा रहा है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है कि पूर्णिया से टक्कर में कोई नहीं है। इसके बाद से ही बिहार में सियासी हलचलें बढ़ गयी है।

**बीमा भारती के पोस्ट से हुआ सबकुछ स्पष्ट :** अपने दूसरे पोस्ट में विधायक बीमा भारती ने लिखा है कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मुझ पर भरोसा जताते हुए पूर्णिया से महागठबंधन के प्रत्याशी बनाये जाने के लिए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के सभी वरिष्ठ नेताओं का ह्रदय से आभार व धन्यवाद व्यक्त करती हूं।

## भारी मात्रा में हथियार और गोली के साथ तीन गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के हूर गांव से भारी मात्रा में हथियार और गोली के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में हूर गांव निवासी शुभम पासवान, राकेश चौधरी, नवादा गांव निवासी पप्पू चौधरी का नाम शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चार देसी कट्टा, तीन सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, 315 एम एम एक्शन राइफल साथ जिंदा गोली सहित दो खोखा बरामद किया गया है। इसकी जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने गढ़वा थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर दी। एसपी श्री पांडेय ने बताया कि सोमवार की सुबह गुप्त सूचना मिली कि हूर गांव निवासी शुभम पासवान के पास हथियार छुपा कर रखा हुआ है। जिसका उपयोग आगामी लोकसभा चुनाव में लोगों को डराने धमकाने के लिए किया जाने वाला है। सूचना के आधार पर गढ़वा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुभम पासवान के बिस्तर के नीचे से एक बोरे में छुपा कर रखा गया चार देसी पिस्टल, तीन सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, दो मैगजीन तथा सात जिंदा गोली सहित दो खोखा बरामद किया। पूछताछ के दौरान शुभम ने बताया कि यह सभी हथियार उनके मालिक सत्येंद्र चौबे का है। अन्य एक राइफल मेरे दोस्त राकेश चौधरी के घर में छुपा कर रखा गया है। गठित टीम ने छापेमारी कर राकेश चौधरी के घर से राइफल बरामद किया। उक्त दोनों ने बताया कि यह हथियार पप्पू चौधरी से सत्येंद्र चौबे के द्वारा खरीदा गया है। जैसे ही पप्पू चौधरी की गिरफ्तारी पिछले दिन हुई थी। इसके बाद सत्येंद्र चौबे उक्त सभी हथियार को डर से हमारे यहां छुपा दिया था। उसने बताया कि 315 एम एम राइफल से सत्येंद्र चौधरी के द्वारा अपने शादी में फायरिंग किया गया था। एसपी ने बताया कि पप्पू चौधरी का आपराधिक इतिहास रहा है। इस अभियान में शामिल सभी पुलिस के पदाधिकारी व जवान को सम्मानित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, थाना प्रभारी केके साहू, पुलिस अवर निरीक्षक सुभाष कुमार पासवान, सुबोध बड़ाईक, अभिमन्यु कुमार सिंह सहित पुलिस के पदाधिकारी व जवान शामिल थे।



प्रेस वार्ता करते एसपी

## जंगली सुअर के हमले में तीन घायल

**भवनाथपुर।** केतार प्रखंड के खोनहर में बुधवार को जंगली सुअर के हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया है। घायलों में समोद साह 45 वर्ष, विगन साह 55 वर्ष और 15 वर्षीय विमलेस साह शामिल है। घटना के बारे में विमलेश साह ने बताया कि बुधवार को गांव के आधा दर्जन ग्रामीण अपने खेत में जंगल के किनारे अंवरैया के पास काम कर रहे थे कि दोपहर को लगभग एक दर्जन जंगली सुअर हमला कर घायल कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दो लोगों को गढ़वा रेफर किया गया है।

## अज्ञात बीमारी से कांग्रेसी नेता की मौत



विलाप करते परिजन

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के धोबनी गांव निवासी सह कांग्रेसी नेता 45 वर्षीय शंकर यादव की अज्ञात बीमारी से मौत हो गई। उनके निधन की खबर फैलते ही धुरकी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। शंकर यादव एक सरल एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे। अपने घर के एकमात्र कमाउ सदस्य थे। इनके तीन बच्चे हैं, जिनका अभी शादी विवाह भी नहीं हो पाया है।

## डीसी ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** केरिपु बल पलामू के उपमहानिरीक्षक (परिचालन) पंकज कुमार ने बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह गढ़वा डीसी शेखर जमुआर व 172 बटालियन सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में बैठक की। बैठक में उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न सीआरपीएफ बलों के रहने एवं अन्य मूलभूत सुविााएं उपलब कराने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान बाहर से आने वाले जवानों के ठहरने, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था पर भी चर्चा किया गया। डीसी ने विभिन्न सीआरपीएफ बलों के रहने एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। बता दें कि आगामी लोकसभा आम निर्वाचन को देखते हुए जिले में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न करने के लिए सीआरपीएफ की टीम को विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से प्रतिनियुक्ति किया जाएगा। बैठक में कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह, द्वितीय कमान आकिारी अमरेन्द्र कुमार सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार उपस्थित थे।



बैठक करते डीसी

## कुआं से लड़का-लड़की का शव बरामद, एसपी ने घटनास्थल का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के रजबना गांव में बुधवार को एक कुआं से उसी गांव की एक लड़की के साथ एक लड़का का शव पुलिस ने बरामद किया है। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। सीडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि बुावार की सुबह मेराल थाना प्रभारी को रजबना गांव के एक कुआं में एक लाश होने की सूचना मिली। इससे पहले मंगलवार को कुआं के पास ही रोड पर एक अज्ञात मोटरसाइकिल बरामद किया गया था। तैरता हुआ शव को बाहर निकालने पर कुआं में एक और चप्पल मिला, शक होने पर पुनः कुआं की तलाशी ली गई तो पानी के अंदर दूसरा शव बरामद किया गया। हत्या या आत्महत्या के सवाल पर उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम तथा जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा। कुआं में एक साथ एक लड़का और एक लड़की का शव मिलने की सूचना पर एसपी दीपक कुमार पांडेय ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया तथा ग्रामीणों से पूछताछ करने के बाद पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस संबंध में मृतक की बहन चिन्ता देवी पति मुखला विश्वकर्मा ने मेराल थाना में आवेदन देकर कहा है कि मृतका के परिजनों द्वारा मेरे भाई की हत्या की गई है। थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मेरा भाई सिता राम विश्वकर्मा पिता स्व. बच्चा विश्वकर्मा 32 वर्ष ग्राम गंगटी (जमुई) थाना नगर उटारी का निवासी था, जो 25 मार्च की शाम करीब 6 बजे बिना बताएं घर से निकाला था, देर रात तक घर नहीं लौटने पर फोन किया लेकीन मोबाईल स्वीचअफ बता रहा था। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे आनन्द सिंह पिता लाल सिंह जो ग्राम रजवना, थाना मेराल के निवासी है, मेरे घर पर आकर बोला की तुम्हारा भाई सिताराम विश्वकर्मा मेरी बहन को लेकर भाग गया है, उसका मोटरसाईकल राजबंधा में खड़ा है। हम उसे जान से मार देंगे, थाना में कोई शिकायत नहीं करायेगा, नहीं तो पूरे परिवार को जान से मार देगें। हम सिताराम को खोज रहे है। तुम लोग तीन-चार दिन बाद थाना में जाना। उसके जाने के बाद हमलोगों ने नगरउंटारी थाना में आवेदन देकर इसकी सूचना दिया था। मृतक की बहन ने आनन्द सिंह एवं उसके पिता पिता लाल सिंह आदि पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुआवजा तथा जानमाल की सुरक्षा देने की गुहार लगाई गई है। बता दें कि परिजनों के सूचना पर मेराल थाना पुलिस द्वारा रजबंधा गांव में जाकर घटनास्थल से कुछ ही दूरी सड़क पर लगे लावारिस मोटरसाइकिल को बरामद किया गया था। थाना प्रभारी विष्णुकांत के अनुसार आसपास खोजबीन की गई थी परंतु कहीं कुछ पता नहीं चला था।



शव को देखती पुलिस

एक नजर में

## चतरा में होली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, लोगों ने उड़ाए रंग-गुलाल

**चतरा।** जिले में होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। रविवार की शाम से ही होलिका दहन का कार्यक्रम शुरू हो गया था और मंगलवार को रंगों की होली खेली गई। लोगों ने एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और कई जगहों पर कीचड़-मिट्टी के साथ कुर्ता फाड़ होली भी खेली गई। शहर में भी पूरे दिन जमकर होली खेली गई और दोपहर बाद लोग नए कपड़े पहनकर बड़ों का आशीर्वाद लेने गए। लोगों ने आपसी मतभेद भुलाकर गले मिले और होली की बधाई दी। होली पर घर-घर में तरह-तरह के पकवान भी पके और परोसे गए और लोग अपने आस-पड़ोस के घर जाकर होली खेली और पकवानों का लुत्फ उठाया। पर्व को लेकर पुलिस की गतिविधि भी बढ़ी रही और शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किए गए थे।

## अलग-अलग बाइक दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल

**गिद्धौर।** होली के दिन प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर हुई अलग-अलग बाइक दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में नयाखाप के रंजन यादव, गिद्धौर के शुशीला देवी, प्रेम यादव सहित अन्य शामिल हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ तीन घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए चतरा और हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## बरवाडीह में धूमधाम से मनाई गई होली, शहर से गांव तक बरसे रंग-गुलाल

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में होली का त्योहार हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। रविवार की देर रात होलिका दहन के बाद रंगो का दौर शुरू हो गया। सोमवार और मंगलवार के बाद कई स्थानों पर बुधवार को भी होली खेली गई। होली को लेकर युवाओं, महिलाओं और खासकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। लोगों ने एक दूसरे को रंग, गुलाल, अबीर लगाने के साथ ही गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। गांवों में ढोल व झाल बजाकर परंपरागत फाग गीत गाने का सिलसिला पूरा दिन चला। होली के रंग से सभी सराबोर दिखे। वहीं चारों तरफ सुरक्षा को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद रही। उधर देर शाम होली के त्यौहार पर जुलूस निकाला गया। डीजे पर बज रहे होली गीतों युवक नृत्य करते रहे। यह जुलूस पूरे शहर में निकाला गया और बस स्टेंड में आकर समाप्त हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। उधर विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास पर काफी संख्या में लोगों ने पहुंच विधायक के साथ होली खेली। वहीं विधायक ने पूरे विधानसभा क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र में लोगों से मिल कर भी होली की बधाई दी। विधायक ने कहा कि होली असत्य पर सत्य की जीत का त्योहार है। आज के दिन सभी लोग वर्षो के गीले शिकवे भूल कर एक दुसरे को गले लगाते है। यह त्योहार हमें शांति प्रेम और भाईचारे की सिख देता है। उधर दोपहर बाद लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर बड़ो का आशीर्वाद लिया और पकवान का आनंद उठाया।

## श्रीराम भगवान के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर थाना में आवेदन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पुरनानगर पंचायत के बजरंग दल संगठन द्वारा मंगलवार को नवलशाही थाना में एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। दिये गये आवेदन में बताया गया है कि पुरनानगर के टोला मंझलानगर निवासी 24 वर्षीय हकीक अंसारी पिता कबीर अंसारी ने फेसबुक पर सनातन ार्म और त्योहार को लेकर फेसबुक आईडी मो जोहेब से ार्म पर अपमानजनक टिप्पणी किया गया है। जिससे आस पास के सभी सनातन ार्म प्रेमियों के भावना को ठेस पहुंचा है। साथ ही अन्य आईडी मकसूद अंसारी, समीर खान के द्वारा भी श्रीराम भगवान के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी किया गया है। लोगों ने थाना प्रभारी से अविलम्ब मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बजरंग दल पुरनानगर पंचायत अयक्ष तूफानी सिंह, उपायक्ष रक्षपाल सिंह, संयोयक अजय कुमार यादव, चंदन पांडे, विजय कुमार राणा, संजीत कुमार यादव, रंजीत यादव, सिकंदर सिंह, दिनेश सिंह, सूरज कुमार सिंह, राहुल सिंह, चंदन कुमार सिंह, राजेश सिंह समेत कई लोगों के नाम शामिल है।

## रामनवमी पूजा समिति ने महाराणा प्रताप चौक का किया गठन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा ूमााम से मनाने को लेकर श्री रामनवमी पूजा समिति असनाबाद की बैठक संकट मोचन मंदिर में संपन्न हुई। बैठक की अयक्षता राज कपूर सिंह ने की। बैठक में नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें चंदन चक्रवर्ती को अयक्ष, राज कपूर सिंह को कार्यकारी अयक्ष, अरविंद सिंह को महासचिव, राकेश सिन्हा, सुरेश यादव और राजू तिवारी को सचिव, तुलसी राणा, प्रकाश साव, विजय वर्णवाल, राजेश सिंह एवं गौरी सिंह को उपायक्ष, पिंकू कुमार को कोषायक्ष, सिद्धि प्रसाद, राजू साव को सह कोषायक्ष, राजा मालाकार, राजू यादव, पिंटू कुमार को जुलूस संचालक एवं संतोष यादव को मुख्य संरक्षक के रूप में चुना गया है। वहीं नई कमेटी के महासचिव अरविंद सिंह ने बताया कि इस वर्ष रामनवमी पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने की सारी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आगामी 20 मई 2024 को

**कोडरमा।** स्वीप कोषांग द्वारा जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिक से अधिक मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के प्रति जागरूक करने पर चर्चा किया गया। वहीं झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की सखी दीदीओं ने मतदाता शपथ कर ग्रामीण महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। साथ ही जिले के विभिन्न विद्यालयों में स्वीप गतिविधि के तहत् चुनाव संबंाित रंगोली, वॉल पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

## एनडीए प्रत्याशी के नामांकन में होगा दिग्गजों का जुटान

**नवादा।** संसदीय क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी के तौर पर बीजेपी नेता सह राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर बुधवार को नवादा पहुंचे। नवादा ने उनका जोरदार स्वागत किया गया। वहीं बीजेपी कार्यालय में जमकर आतिशबाजी भी की गई। इस मौके पर विवेक ठाकुर ने एबीपी न्यूज से बात करते हुए कहा कि इस बार नवादा में कमल खिलेगा। देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने हमें जिम्मेदारी दी है इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

# रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद बृह्मलीन

एजेंसी

▶▶ स्मरणानंदजी ने मंगलवार रात 8.14 बजे ली महासमाधि
▶▶ प्रधानमंत्री मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया

**कोलकाता।** रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद मंगलवार रात 95 वर्ष की आयु में बृह्मलीन हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है। वो 2017 में रामकृष्ण मिशन के 16वें अध्यक्ष बने थे।

शोकाकुल रामकृष्ण मिशन ने रात को बयान जारी कहा कि रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के परम पूज्य अध्यक्ष श्रीमत स्वामी स्मरणानंदजी महाराज ने मंगलवार रात 8.14 बजे महासमाधि ले ली। उन्हें संक्रमण के कारण 29 जनवरी को रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें सांस की दिक्कत बढ़ गई। उन्हें तीन मार्च को वेंटिलेटर पर रखा गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पोस्ट में कहा कि उन्होंने अनगिनत दिलों और दिमागों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनकी करुणा और बुद्धिमत्ता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि वर्षों से मेरा उनके साथ बहुत करीबी रिश्ता रहा है। मुझे 2020 में बेलूर मठ की अपनी यात्रा याद है जब मैंने उनसे बातचीत की थी। कुछ हफ्ते पहले कोलकाता में भी मैंने अस्पताल का दौरा किया था और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी दुख जताया है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया में लिखा है कि रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद के निधन की खबर पाकर दुखी हूं। उनके जाने से अपूरणीय क्षति हुई है।



रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। (फाइल फोटो)

## लोस चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

**नयी दिल्ली।** लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया गुरुवार (28 मार्च) से शुरू होगी, जब भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) इस चरण के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी करेगा। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि आम चुनाव-2024 के दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण में असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के अलावा मणिपुर (बाहरी मणिपुर) की एक सीट शामिल है।

## स्पीड न्यूज

### पाक में आत्मघाती हमला, पांच चीनी सहित छह मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर-पख्तूनख्वा में मंगलवार को चीनी नागरिकों वाली बस में विस्फोटक से भरे एक वाहन ने को टक्कर मारने से कम से कम पांच चीनी नागरिकों सहित छह व्यक्तियों की मौत हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। ये चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि प्रांत के शांगला जिले के बिशम इलाके में हुई घटना में कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब इस्लामाबाद से कोहिस्तान जा रही एक बस को विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी।

### ड्रग केस में पूर्व आइपीएस संजीव भट्ट दोषी करार



**पालनपुर।** गुजरात के चर्चित पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट 28 साल पुराने ड्रग केस में दोषी करार दिए गए हैं। एनडीपीएस एक्ट के तहत साल 1996 में पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। बुधवार को पालनपुर सेशन कोर्ट में उन्हें इसी मामले में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने सुनवाई के दौरान उन्हें दोषी ठहरा दिया है। 1996 के इस केस में तब बनासकांठा के एसपी रहे भट्ट पर आरोप लगा था कि उन्होंने पालनपुर के एक होटल में 1.5 किलो अफीम रखकर एक वकील को नारकोटिक्स केस में फंसा दिया था।

### यूक्रेन के विदेश मंत्री आज आयेंगे भारत

**नयी दिल्ली।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा 28 मार्च को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचेंगे। वह विदेश मंत्री के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री कुलेबा के कई कार्यक्रम होंगे। इसमें द्विपक्षीय साझेदारी और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए विदेश मंत्री और उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) के साथ आधिकारिक बैठकें शामिल होंगी।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन से पांच मरे, पांच लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिम जावा प्रांत के दो गांवों में हुए भूस्खलन के कारण मलबे में दबे बच्चों सहित पांच शव बचावकर्मियों ने बरामद किए हैं जबकि पांच अन्य लापता हैं। प्रांतीय खोज एवं बचाव एजेंसी के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एजेंसी की ऑपरेशन यूनिट के प्रमुख सुप्रियोनो के अनुसार पांचवां शव बुधवार सुबह एक नदी के पास पाया गया, जो आपदा से पहले पीड़ित के अंतिम ज्ञात स्थान से लगभग 20 किमी दूर था। इसके अलावा पांच लोग अब भी लापता हैं। भूस्खलन से लगभग 30 मकान और दो धार्मिक पूजा केंद्र नष्ट हो गए हैं।

### सद्गुरु जग्गी वासुदेव को अस्पताल से छुट्टी



**नयी दिल्ली।** ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव को बुधवार को नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई। यहां 17 मार्च को उनकी आपातकालीन मस्तिष्क सर्जरी की गई थी। सर्जरी से पहले कुछ हफ्तों तक उन्हें गंभीर सिरदर्द का सामना करना पड़ रहा था। अपोलो अस्पताल के कार्यकारी निदेशक डॉ. संगीता रेड्डी ने सद्गुरु जग्गी वासुदेव के उपचार पर संतोष जताया है। ईशा फाउंडेशन ने डॉ. विनीत सूरी, डॉ प्रणव कुमार, डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ एस चटर्जी और अपोलो अस्पताल की पूरी टीम के प्रति आभार जताया है।

## इडी ने वाशिंग मशीन से जब्त किए 2.54 करोड़



**नयी दिल्ली।** ईडी ने एक वाशिंग मशीन में छुपा कर रखे गए करीब 2.50 करोड़ रुपये भी जब्त किए। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा कानून के तहत की गई है। निदेशालय ने कहा कि कैपरीकोरनियान शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों और इसके निदेशकों विजय कुमार शुक्ला और संजय गोस्वामी तथा संबंधित कंपनियों के परिसरों में तलाशी ली गई। ईडी ने यह नहीं साफ किया है कि दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई, कोलकाता कुरुक्षेत्र में यह तलाशी कब ली गई।

# पीएसएलवी ने पूरा किया शून्य कक्षीय मलबा मिशन

## इसरो को मिली बड़ी कामयाबी, अब भारत के सैटेलाइट मिशन से नहीं होगा अंतरिक्ष में कचरा

एजेंसी

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने उस समय एक और मील का पत्थर हासिल किया है, जब पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल-3 (पीओईएम-3) ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश करके शून्य कक्षीय मलबा मिशन को पूरा किया। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया है कि पीएसएलवी-सी58 /एक्सपीओसैट मिशन ने व्यावहारिक रूप से कक्षा में शून्य मलबा छोड़ा है। उल्लेखनीय है कि पीएसएलवी-सी 58 मिशन को सभी उपग्रहों को उनकी वांछित कक्षाओं में स्थापित करने के प्राथमिक मिशन को पूरा करने के बाद 01 जनवरी, 2024 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया था। पीएसएलवी के पीएसएलवी के टर्मिनल चरण को 3-अक्ष स्थिर मंच, पीओईएम-3 में बदल दिया गया है। इसे 650 किलोमीटर की ऊंचाई से 350 किमी तक डी-ऑर्बिट किया गया था, जिससे इसके शीघ्र पुनः प्रवेश की सुविधा मिली, और किसी भी आकस्मिक ब्रेक-अप जोखिम को कम करने के लिए अवशिष्ट प्रणोदकों को हटाने के लिए निष्क्रिय किया गया था। इसरो के मुताबिक नव विकसित स्वदेशी प्रणालियों पर प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और वैज्ञानिक प्रयोग करने के लिए पीओईएम-3 को कुल नौ विभिन्न प्रयोगात्मक पेलोड के साथ कॉन्फर्म किया गया था। इनमें से छह पेलोड एनजीई द्वारा इन-स्पेस के माध्यम से वितरित किए गए थे।



**कक्षा परिवर्तन में एक्सिडेंट का खतरा कम :** इसरो के मुताबिक सैटेलाइटों को वांछित कक्षा में पहुंचाने के अपने मुख्य उद्देश्य के बाद पीएसएलवी तीन भागों में बंट जाता है। इसे ही पीओईएम 3 नाम दिया गया है। इसमें सबसे पहले चरण में पीएसएलवी को 650 किलोमीटर की ऊंचाई वाली कक्षा से 350 किलोमीटर वाली कक्षा में लाया गया। इससे पीएसएलवी को शीघ्र कक्षा में पहुंचने अवसर मिल गया और कक्षा में जल्दी प्रवेश हो गया। इससे कक्षा परिवर्तन के दौरान हादसे का खतरा भी कम हो गया।

**पेलोड के लिए निजी भागीदारी :** पीओईएम -3 में 9 विभिन्न तरह के प्रायोगिक पेलोड लगाए गए हैं। इससे कई तरह के वैज्ञानिक प्रयोग किए जाने हैं। इनमें से 6 पेलोड को गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा दिया गया है। इन पेलोड को एक महीने के अंदर बनाए गए थे।

हालांकि इसमें खर्च अधिक आता है, इसलिए इसरो ने निजी भागीदारी को शामिल किया है। इसरो ने पिछले कुछ माह में कई अभिनव प्रयोग किए हैं। हाल ही इसरो की रियूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक का सफल परीक्षण किया गया था। इसे रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल पुष्पक नाम दिया गया था।

## पंजाब के आबकारी आयुक्त के कई ठिकानों पर इडी का छापा

**दिल्ली शराब घोटाला**

**आम आदमी पार्टी नेता दीपक सिंगला के आवास सहित कई ठिकानों पर भी दबिश**

**चंडीगढ़।** इडी की टीमों ने बुधवार सुबह करीब सात बजे पंजाब और चंडीगढ़ में कई स्थानों पर छापा मारा है। इनमें पंजाब आबकारी विभाग के कमिश्नर वरुण रूजम का चंडीगढ़ का आवास भी शामिल है। यह आवास सेक्टर 20 में है। इसके अतिरिक्त मोहाली के बाकरपुर में हुए अमरूद घोटाले में वरुण रूजम की पत्नी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी की इस कार्रवाई को दिल्ली सरकार की कथित आबकारी नीति घोटाले से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

इडी ने बुधवार दिल्ली सरकार की कथित आबकारी नीति घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली और एनसीआर में आम आदमी पार्टी नेता दीपक सिंगला के आवास सहित कई ठिकानों पर छापा मारा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दीपक सिंगला दूसरे पार्टी नेता हैं, जिनके घर पर ईडी की छापेमारी की। सिंगला ने विश्वास नगर से पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था।

## एनआइए के नये प्रमुख होंगे दाते

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र कैडर के अधिकारी सदानंद वसंत दाते राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के नए प्रमुख होंगे। पीयूष आनंद को राष्ट्रीय आपदा बल का (एनडीआरएफ) महानिदेशक और राजीव कुमार शर्मा को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरडी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। तीनों अधिकारी 31 मार्च को तीन मौजूदा प्रमुखों की सेवानिवृत्ति पर कार्यभार संभालेंगे। सूचना मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंगलवार को एनआईए, एनडीआरएफ और बीपीआरडी के लिए नए प्रमुखों की नियुक्ति को मंजूरी दी।

# डबल झटका : आप के एक सांसद और विधायक भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) को दोहरा झटका दिया है। आप के जालंधर के सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिमी से विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए हैं। दोनों नेताओं ने यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।इन दोनों को भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और पंजाब प्रदेश के पार्टी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। हर क्षेत्र से जुड़े लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं और परिवार का हिस्सा बन रहे हैं। सुशील कुमार रिंकू और शीतल अंगुराल का मैं स्वागत करता हूं। भाजपा में शामिल होने के बाद सुशील कुमार रिंकू ने कहा कि वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कार्यशैली से काफी प्रभावित हुए हैं। भाजपा में शामिल होने से पहले शीतल अंगुराल ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी को बेनकाब करने का समय आ गया है। आप ने पंजाब के लोगों से झूठ बोला है। मैं जल्द ही सबूत लाऊंगा। सुशील कुमार रिंकू जालंधर से आप के 2023 से सांसद हैं और पिछले एक साल से क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसके पहले वे 2017 में कांग्रेस से सांसद थे। 2022 में रिंकू कुमार को शीतल अंगुराल ने हराया था। फिलहाल, शीतल अंगुराल जालंधर पश्चिमी से आप के विधायक हैं।





## भाजपा ने नवनीत राणा को अमरावती और करजोल को चित्रदुर्ग सीट से दिया टिकट

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र की अमरावती (सु.) सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा अब इसी सीट से भाजपा की उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव में उम्मीदवार होंगे। भाजपा ने बुधवार शाम लोकसभा चुनावों के लिए अपनी सातवीं सूची में महाराष्ट्र एवं कर्नाटक की दो सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किये। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा स्वीकृत नामों के अनुसार श्रीमती राणा महाराष्ट्र की अमरावती (सु.) सीट से उम्मीदवार होंगी जबकि कर्नाटक की चित्रदुर्ग (सु.) सीट से गोविंद करजोल को भाजपा का टिकट दिया गया है। पार्टी ने आंध्र प्रदेश विस के लिए 10 उम्मीदवार घोषित किये जबकि हरियाणा की करनाल विधानसभा सीट के उप चुनाव में मुख्यमंत्री सैनी को उतारा गया है।

## केजरीवाल आज कोर्ट में करेंगे पैसे के लेनदेन का खुलासा : सुनीता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि उनके पति गुरुवार को अदालत में खुलासा करेंगे कि कथित शराब घोटाले का पैसा कहां है। सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई कई छापेमारी में कोई पैसा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि ईडी ने दिल्ली के कई मंत्रियों के ठिकानों पर छापेमारी की है लेकिन उन्हें एक भी पैसा नहीं मिला। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह 28 मार्च को अदालत में इसके बारे में खुलासा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह मंगलवार को जेल में अरविंद केजरीवाल से मिली थीं। उन्हें मधुमेह है। हालांकि उन्हें दृढ़ संकल्प के कारण चिंता की कोई बात नहीं है। जेल से सरकारी आदेश जारी करने पर केंद्र की आपत्ति का जिक्र करते हुए पत्नी सुनीता ने कहा कि दो दिन पहले, मेरे पति ने हिरासत में रहते हुए जल मंत्री आतिशी को पानी और सीवर से संबंधित मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया था। उन्होंने क्या गलत किया, जो केंद्र ने इसके लिए भी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मामला दायर किया है। क्या वे दिल्ली को खत्म करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि केजरीवाल 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में हैं।



## कंगना के खिलाफ विवादित पोस्ट, आयोग ने कांग्रेस प्रवक्ता से मांगा जवाब



**नयी दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद अभिनेत्री कंगना रनौत पर की गई असभ्य-अपमानजनक टिप्पणी भले कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भले हटा ली हो लेकिन वह आलोचनाओं से चौतरफा घिरी हुई हैं। इस बीच चुनाव आयोग ने बुधवार सुप्रिया श्रीनेत को कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयोग ने कहा है कि श्रीनेत की टिप्पणियां प्रथम दृष्टया यह आदर्श आचार संहिता और प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन हैं। आयोग ने 29 मार्च की शाम नोटिस का जवाब देने को कहा है।

# देश के सैन्य कमांडरों का सम्मेलन आज

एजेंसी

▶▶ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व को संबोधित करेंगे
▶▶ देश की समग्र सुरक्षा की समीक्षा व चुनौतियों का आकलन किया जायेगा

**नयी दिल्ली।** सैन्य कमांडरों का इस साल का पहला सम्मेलन 28 मार्च को हाइब्रिड मोड में शुरू होगा। उसके बाद 01 और 02 अप्रैल को नई दिल्ली में फिजिकल मोड में होगा, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व को संबोधित करने के साथ ही कमांडरों से बातचीत भी करेंगे। इस सम्मेलन में सैन्य कमांडर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन करेंगे। सम्मेलन में देश की समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के साथ चुनौतियों का आकलन किया जायेगा।

कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि यह सम्मेलन भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व के लिए वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन करने, समीक्षा करने और समग्र सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा।

यह सम्मेलन भविष्य की दिशा के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों को लागू करने वाली प्रमुख प्राथमिकताओं को निर्धारित करेगा। हाइब्रिड मोड में 28 मार्च से शुरू होने वाले सम्मेलन की अध्यक्षता नई दिल्ली में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे करेंगे, जिसमें सेना कमांडर अपने-अपने कमांड मुख्यालय से वर्चुअल मोड में भाग लेंगे। सम्मेलन में उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य और राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पर प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों की बातचीत भी होगी। 01 अप्रैल को फिजिकल मोड में सम्मेलन के दौरान सेना का शीर्ष नेतृत्व गहन विचार-मंथन सत्र में शामिल होगा। इन सत्रों में सेना की परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों पर फोकस किया जायेगा। विचार-मंथन सत्र में सैनिकों और उनके परिवारों के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से सेवा कर्मियों के कल्याण से संबंधित मुद्दे भी शामिल होंगे। इसके बाद सीओएएस की अध्यक्षता में आर्मी ग्रुप इंश्योरेंस की निवेश सलाहकार समिति की बैठक होगी, जिसमें वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र के कई विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह समिति सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपायों और योजनाओं पर विचार-विमर्श करेगी। उन्होंने बताया कि 02 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य भाषण देंगे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके अलावा रक्षा सचिव और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।



## अदिति राव हैदरी ने भी की गुपचुप शादी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू के बाद अदिति राव हैदरी अपने बॉयफ्रेंड और मशहूर अभिनेता सिद्धार्थ के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं। यह जोड़ा बुधवार को तेलंगाना के श्रीरंगम रंगनाथम स्वामी मंदिर में एक-दूसरे के साथ शादी के बंधन में बंध गया। दोनों ने कुछ रिश्तेदारों और दोस्तों की मौजूदगी में शादी की। शादी के लिए तमिलनाडु से पुजारियों को आमंत्रित किया गया था। अदिति और सिद्धार्थ दोनों ने परंपराओं और संस्कृति को बनाए रखने के लिए पारंपरिक तरीके से शादी करने का फैसला किया। अदिति और सिद्धार्थ दोनों के परिवार शादी में मौजूद थे।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 |
| English Grammar–II | ₹ 120 | English Grammar–II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !